# चारों तरफ आग जलाकर तप कर रहे बाबा

## भीषण गर्मी में बाबा का तप देखकर लोगों ने भंडारे का किया आयोजन

संवाददाता, खमरिया/ईसानगर

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी और प्रचंड धूप से जहां मनुष्य से लेकर पशु-पक्षी तक सभी व्याकुल हैं। पारा 42 डिग्री को पार कर गया है। वहीं ईसानगर क्षेत्र के लाखुन गांव के मजरा मदारा बेहड़ में बाबा तपती आग के बीचों बीच बैठकर देश के कल्याण के लिए तप कर रहे हैं। बाबा के चारों तरफ बड़ी मात्रा में लकड़ियां धधक रहीं हैं और बीच में बैठकर बाबा तप कर रहे हैं। बाबा की तपस्या को देखकर गांव के लोगों ने विशाल भंडारे का भी आयोजन किया।


चारों ओर आग जलाकर तप करते बाबा। अमृत विचार

गांव के निकट खाली पड़े खेत में खमरिया खुर्द निवासी बाबा महावीर स्वामी अपने अन्य साथी बाबा लेखराम की मौजूदगी में अपने चारों ओर लकड़ियों को जलाकर इस भीषण गर्मी और प्रचंड धूप में तप कर रहे हैं। बाबा का तप देख लोगों में आस्था जाग पड़ी और लोगों ने मिलकर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जहां बाबा के तप को देखने आ रहे हजारों लोग बाबा की परिक्रमा कर प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं। इस बाबत महावीर स्वामी बाबा के सहयोगी बाबा लेखराम ने बताया कि बाबा बिना अन्न ग्रहण किए हुए तप कर रहे हैं। इस दौरान वह मौन धारण भी किए हुए हैं। कई घंटे बाद थोड़ा जल ग्रहण कर लेते हैं। बाबा 24 घंटे देश के कल्याण के लिए चारों तप कर रहे हैं। बाबा का तप देख लोग ढोल नगाड़े के साथ बाबा की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पंक्तिबद्ध लगे हुए हैं।

## सफाई करते समय नाले में मिली बाइक

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** डीएम आवास रोड पर बने नाले की साफ-सफाई के दौरान एक बाइक बरामद हुई है। पानी में पड़े होने के कारण वह काफी जीर्णशीर्ण हालत में थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बाइक काफी समय से पड़ी थी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शहर में नगर पालिका इन दिनों नालों की तड़ी झाड़ सफाई करा रही है। मंगलवार को नगर पालिका की टीम सौजन्या चौराहा से डीसी रोड नाले की सफाई कर कचरा निकाल रही थी। महिला थाने के निकट शिल्ट निकालते समय जेसीबी में एक बाइक फंस गई। बाइक निकलते ही हड़कंप मच गया। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। बाइक गल चुकी थी। उसकी हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बाइक काफी समय से नाली में पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लिया है। बाइक का मालिक कौन है और यह कैसे नाले में पहुंची। पुलिस इस बात की जांच कर रही है।

# गांव पहुंचा युवक का शव, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **परिवार वालों ने ठेकेदार पर लगाया हत्या का आरोप, अंतिम संस्कार रोका**
- **पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन पर माने परिजन**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर हो रही रैलियों में अपने साथियों के साथ टेंट लगाने गए ओयल पुलिस चौकी के गांव लोनपुरवा निवासी एक मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सोमवार की शाम शव घर आते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मंगलवार की सुबह परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार रोक दिया। परिवार वाले ठेकेदार पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। उनका कहना था कि जब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती। वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ओयल देहात के मजरा लोनपुरवा निवासी सुधीर (19) गांव के ही करीब 12 साथियों के साथ लोकसभा चुनाव रैलियों में टेंट लगाने का कार्य करता था। 26 मई को जनपद मऊ में होने वाली चुनावी रैली में टेंट लगाने गया था। साथियों के मुताबिक रैली के बाद सभी साथियों के साथ उसने खाना खाया। उसके बाद सभी अलग-अलग स्थानों पर देर रात सो गए। सुबह उठने पर पता चला कि सुधीर लापता है। इसी बीच टेंट से कुछ दूरी पर सुधीर का शव अर्धनग्न अवस्था में मिट्टी से सना हुआ मिला। मजदूरों ने ठेकेदार और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को शव साथियों के साथ उसके घर भेज दिया। शव आते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक की मां और परिवार के लोगों ने ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार रोक दिया। सूचना पर एसओ खीरी अजीत कुमार फोर्स के साथ गांव पहुंचे। परिवार वालों को समझाया बुझाया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिवार के लोग शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की मां छबीली देवी ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ हलदरपुर थाना पुलिस को तहरीर दी है।

# पहले दिन डायवर्जन फेल, यात्रियों ने झेलीं दुश्वारियां

## गोला, केशवापुर आदि कई जगह बसों की प्रतीक्षा करते रहे मुसाफिर, निजी वाहनों की लेनी पड़ी सहायता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** गोला और फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण को लेकर लखीमपुर से गोला का रूट डायवर्ट हो गया। इस वजह से मंगलवार को रोडवेज बसें सिकंदराबाद होकर संचालित हुई। रूट डायवर्जन का पहला मुसाफिरों के लिए मुसीबत बन गया। सिकंदराबाद कस्बे में जाम लग जाने से लोग गर्मी से मार से काफी देर तक बेहाल होते रहे। वहीं लखीमपुर गोला मार्ग पर जानकारी के अभाव में तमाम मुसाफिर बसों की प्रतीक्षा में खड़े रहे। काफी देर तक बस आदि न मिलने से कुछ लोग जहां घर वापस लौट गएञ। मगर, कोर्ट कचहरी से लेकर नौकरी करने वाले निजी वाहन से गोला और लखीमपुर पहुंचे।


मनिकापुर तिराहे पर पुलिस ने हाईवे किया बंद। अमृत विचार


फरधान में रेलवे क्रॉसिंग से पहले बॉक्स लगने से वापस होता बाइक सवार।

रूट डायवर्जन होते ही स्थानीय प्रशासन ने लखीमपुर रोड से लेकर विकास चौराहा और लखीमपुर रोड बाईपास पर सीमेंट के बॉक्स रखवा कर रास्ता बंद कर दिया। बसों का संचालन सिकंद्राबाद होकर हुआ। जानकारी न होने की वजह से पहले दिन गोला के छोटे चौराहा से लेकर नानक चौकी, रिलायंस पेट्रोल से लेकर बड़े चौराहे पर लखीमपुर से लेकर सीतापुर और लखनऊ जाने वाले लोग बस से लेकर टैक्सियों का इंतजार करते रहे। कुछ ऐसा ही हाल वन भल्लिया, भल्लिया, केशवापुर, शहबुदियापुर, रजागंज, फरधान कस्बे में भी रहा। आम यात्रियों से लेकर दैनिक मुसाफिर काफी देर तक वाहनों के इंतजार में भीषण गर्मी से परेशान होते रहे। मगर, जब जानकारी हुई तो मायूस होकर कुछ लोग घर लौट गए, लेकिन दैनिक से लेकर नौकरी पेशा लोग निजी वाहनों से गर्म हवाओं की थपेड़े खाते हुए लखीमपुर और गोला पहुंचे।

### सिकंद्राबाद में लगा जाम, गर्मी से लोग बेहाल

रूट डायवर्ट होने से अचानक सिकंद्राबाद रोड पर वाहनों का आवागमन बढ़ गया। इस दौरान सिकंद्राबाद कस्बे में रोड पर खड़े तीन डंपरों जाम का कारण बन गए। निकास होने की वजह से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। ऐसे में रोडवेज बसों से लेकर आम मुसाफिर भीषण गर्मी में काफी देर तक परेशान होते रहे। काफी देर बाद जाम खुलने पर वाहनों का आना जाना शुरू होने पर मुसाफिरों ने राहत की सांस ली।

### 16 जगह रुककर सिकंद्राबाद के रास्ते गोला पहुंचेगी रोडवेज बस

लखीमपुर डिपो के एआरएम मुकेश मेहरोत्रा ने बताया कि रूट डायवर्जन होने के कारण मंगलवार से बसों का संचालन सिकंद्राबाद होकर शुरू हो गया है। इसके लिए 16 स्टॉपेज हैं, जिसमें 12 नए निर्धारित हैं। एआरएम ने बताया कि किलोमीटर बढ़ने से किराया भी बढ़ गया है। दूरी बढ़ जाने से लखीमपुर से गोला पहुंचने में समय भी बढ़ जाएगा।

### सात दिन के लिए निर्धारित स्टॉपेज

| स्टॉपेज | किराया |
|---|---|
| कैमहरा | 23 |
| रतसिया | 26 |
| बहादुरा | 28 |
| महमूदपुर | 30 |
| सल्लियाबाद | 33 |
| सेहरूआ | 37 |
| सिकंद्राबाद | 42 |
| राघपुर घुंसी | 47 |
| बिलहरी | 49 |
| जड़ौरा | 51 |
| मूड़ा | 55 |
| घरथनिया | 61 |
| गोला | 70 |

## डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम पब्लिक इंटर कॉलेज में 29 मई से गोला कप डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। उद्घाटन मैच शाम छह बजे आर्यावर्त बैंक खीरी और सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला के मध्य खेला जाएगा। मुख्य अतिथि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के रीज़नल मैनेजर आर्यन सिंह के हाथों टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के पीटीआई कमाल अहमद ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में 38 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रोज तीन मैच खेल जाएंगे जिसमें एक मैच सुबह छह बजे से और दो मैच शाम को छह बजे से खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 12-12 ओवरों का खेला जाएगा। उद्घाटन मैच आर्यावर्त बैंक खीरी और सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला के मध्य होगा। उन्होंने बताया कि मैच में अनवर अली, सरोज कुमार और शिवम् कुमार एम्पायरिंग की भूमिका में रहेंगे। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने सभी खेल प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर मैच देखने की अपील की है।

## मार्डन स्कूल के बच्चों ने वाटर पार्क व जंगल घूमकर की खूब मौज -मस्ती


वाटर पार्क में मौज-मस्ती करते मॉडर्न स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** दुधवा रोड स्थित मार्डन एमएमयू स्कूल के बच्चों ने एक दिवसीय समर कैंप के तहत क्षेत्र के एक वाटर पार्क व परसपुर जंगल पहुंच कर खूब मौज-मस्ती की। परसपुर वन चौकी दरोगा राकेश कुमार पटेल की अगुवाई में जंगल का भ्रमण कर वनों का महत्व भी जाना।

विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण सरंक्षण हेतु जागरूक करते हुए प्लास्टिक का प्रयोग न कर, पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली चीजों का उपयोग बंद करने, कचरा- कूड़ा न करके शुद्ध पर्यावरण पर जोर दिया। हर बच्चे को अपने घर द्वार पर पेंड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने महंगापुर, गदनियां, प्रेम नगर वाटर पार्क में स्वीमिंग पुल, झूला किट, बोट व सुंदर गार्डन का आनंद लेते हुए खूब मौज मस्ती की। विद्यालय के एमडी वसीम ने बच्चों को पठन -पाठन के साथ वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी व आग उगल रहे सूरज का कारण बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मंसूब हुसैन खान, उपप्रधानाचार्य सोनम खान, सबा उस्मानी, अंदेज कुमार, आरजू फिरदौस, कहकशा, शमा परवीन, सबनूर, साजिया बानो, हाफ़िज मोहम्मद आसिफ आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## फरधान प्रीमियर लीग का आगाज एक से

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचारः** फरधान कस्बे में हर साल की तरह इस बार भी फरधान प्रीमियर लीग खेली जाएगी। लीग की विजेता टीम को 21 और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति के एमडी शुक्ला ने बताया कि कस्बे में हर साल की तरह इस बार भी क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। इसकी शुरुआत एक जून से होगी। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें शामिल होने के लिए खिलाड़ी और टीमें संपर्क कर सकती हैं। लीग में प्रतिभाग करने का शुल्क 2500 रुपये है। विजेता एवं उपविजेता टीम को नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। मगर, मैन ऑफ द सीरीज विजेता को कूलर एवं फ्रिज देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के मनप्रीत सिंह ने बताया कि समस्त मैच नॉकआउट होगें और लाल गेंद यानि निबिया से खेले जाएंगे। इसके अलावा सभी मैच 12 ओवर के खेले जाएंगे, लेकिन सेमीफाइनल में 14 और फाइनल में 16 ओवर होंगे।

# पालिका बोर्ड का एक साल पूरा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद बोर्ड और चेयरमैन पद पर एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने पार्टी कार्यकर्ताओं आदि 200 लोगों को सम्मानित किया।


गोला में सम्मानित कर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पालिकाध्यक्ष।

भाजपा के कैम्प कार्यालय गौशाला में हुये कार्यकर्ता सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने पालिकाध्यक्ष की प्रशंसा करते हुये कहा कि कार्यकर्ताओं की ही दम पर चुनाव में जीत संभव हो सकी थी। एक साल में नगर में जो विकास कार्य हुए हैं, वह सभासदों के सहयोग और जनता के आशीर्वाद से कम समय में उम्मीद से ज्यादा विकास कार्य रिंकू शुक्ला ने कराए हैं। जिलाध्यक्ष ने भविष्य में भी इसी तरह पार्टी के लिये जुटे रहने का आह्वान किया। समारोह में चेयरमैन ने विजय दिलाने वाले नगर पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, 25 वार्डों के वार्ड संयोजक, 62 बूथों के एजेंट, मतगणना अभिकर्ताओं सहित 200 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, विजय माहेश्वरी, जिला मंत्री रामजी दीक्षित, राज राजेश्वर सिंह, अनुराग मिश्रा, दीपक पुरी, डॉ. प्रीति पांडे, अशोक सक्सेना, विनोद स्वर्णकार, रमेश अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। संचालन नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने किया। इस मौके पर जफर उल्ला खां, राममोहन सोनी, शिवगोपाल गुप्ता, दीपेन्द्र गुप्ता, ठाकुर प्रसाद गंगवार, सौरभ दीक्षित, शैलेन्द्र सक्सेना, अनुज खरे, संजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

### युवाओं, साहित्य प्रेमियों सहित नगर हित में काम किएः रिंकू

सम्मान समारोह से पूर्व पालिकाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में अपने एक वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं, साहित्य प्रेमियों सहित नगर हित में काम किए। चुनाव परिणाम आने के सात दिनों के बाद ही कई वर्षा से बंद पड़े स्वर्गीय रामनरेश तिवारी स्मृति पुस्तकालय को चालू कराया। कवि स्वर्गीय सियाराम मिश्र पार्क का सौंदर्यीकरण, प्रेक्षागृह का निर्माण कार्य, मंदिरों, गुरुद्वारे में वाटरकूलर, अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ कराया। बताया कि आगामी वर्षों में नगर को विकास के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने की योजना है।

# माहवारी स्वच्छता दिवस : रैली निकाल स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **मेरे पहले मासिक धर्म की कहानी थीम पर मना दिवस**
- **महिला अस्पताल से लेकर सीएचसी में हुईं गोष्ठियां**

**अमृत विचारः** महिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पर मंगलवार को माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। महिला अस्पताल में गोष्ठी का आयोजन कर इलाज के लिए आई महिलाएं और ट्रेनिंग कर रही युवतियों को माहवारी के दिनों में साफ सफाई के अलावा खान पान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर शहर में जागरूकता रैली निकाली गई।


माहवारी के दिनों में सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

महिला अस्पताल में मेरे पहले मासिक धर्म की कहानी थीम पर गोष्ठी हुई। सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं और उन दिनों में रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुषमा एवं फिजिशियन डॉ. अंजलि ने महिलाओं को मासिक धर्म के दिनों में शारीरिक साफ सफाई संग खान-पान कैसा हो, इसके बारे में बताया। अर्श काउंसलर दीपमाला ने माई फर्स्ट पीरियड स्टोरी थीम पर मौजूद किशोरियों से उनका पहला अनुभव साझा किया। दीपमाला ने बताया कि इसका उद्देश्य किशोरियों का मनोबल बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह एक प्राकृतिक घटनाक्रम है, जो अत्यंत आवश्यक है। इन दिनों में साफ सफाई रखकर संक्रमण एवं अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके बाद सीएमएस के नेतृत्व में शहर में जागरूकता रैली निकाली गई, जो मुख्य मार्गो से होकर सीएमओ कार्यालय पहुंची। वहां पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने रैली में शामिल किशोरियों को स्वस्थ्य रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित खानपान अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महिला अस्पताल पहुंचकर रैली समाप्त हुई। काउंसलर सोनम, रोगी सहायता केंद्र मैनेजर सुष्मिता वर्मा, शिखा, काउंसलर प्रियंका तिवारी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### पेंटिंग बनाकर मासिक धर्म के बारें में दी जानकारी



पेंटिंग के माध्यम से माहवारी चक्र की जानकारी देता स्टाफ।

सीएचसी खमरिया में माहवारी स्वच्छता दिवस पर गोष्ठी में अर्श काउंसलर आराधना श्रीवास्तव ने किशोरियों को मासिक धर्म और इस दौरान साफ सफाई रखने से लेकर खान पान के बारे में विस्तार से बताया। स्टाफ ने मासिक धर्म चक्र बनाकर माहवारी के बारे में बताया। अधीक्षक डॉ. पंकज, सीएचसी सहित आशा आदि मौजूद रहीं।

### माहवारी में सफाई बीमारियों से रखेगी दूर


पैड का प्रयोग करने के लिए छात्राओं ने बनाई पेंटिंग।

**पसगवां।** बीआरसी परिसर में हुए जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष दीपक राठौर ने कहा कि बौद्धिक क्षमता के लिए बालिकाएं अच्छी और गुणवत्तायुक्त शिक्षा ग्रहण कर स्वावलंबी बने। उन्होंने किशोरियों से शारीरिक बदलाव के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। सीएचसी की डॉ. हर्षिता ने कहा कि वर्तमान में नौ से 13 वर्ष की उम्र में माहवारी शुरू हो जाती है। अर्श काउंसलर शालिनी पांडे ने कहा कि माहवारी चक्र 28 से 40 दिन के बीच होना चाहिए। सीडीपीओ सूरजकली, अंजली दीक्षित सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं। संचालन शिक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने किया।

## सार-संक्षेप

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत


घटनास्थल पर मौजूद परिजन, जानकारी जुटाती पुलिस।

**संवाददाता, ईसानगर। अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र में मंगलवार की देर रात बिरसिंहपुर के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल पर पीछे बैठे किसान की मौत हो गई, जबकि साइकिल चला रहा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसा सोमवार की रात करीब दस बजे हुआ। थाना ईसानगर के गांव बिरसिंहपुर निवासी कमलेश वर्मा (40) व विनोद कुमार (30) साइकिल से अपने खेत की रखवाली करने जा रहे थे। तभी बिरसिंहपुर के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल पर पीछे बैठे कमलेश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीएचसी ईसानगर में भर्ती कराया गया है। पुलिस मे मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने एनसीसी कैंप का किया निरीक्षण


एनसीसी कैंप का निरीक्षण करते ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेथा।

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** नगर स्थित बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में मंगलवार को एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर लखनऊ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेथा पहुंचे। उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कैडेट्स और अधिकारियों से बातचीत की। कहा कि कैडेट्स को नेशनल कैंप व एडवेंचर कैंप में जाना चाहिए। कैंप कमांडेंट कर्नल चित्र सेन, डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश सिंह चौहान, सूबेदार मेजर करन सिंह सहित सभी एएनओ, प्रशिक्षण अधिकारी व कैडेट्स मौजूद रहे।

### बच्चों ने क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता में कौशल का किया प्रदर्शन


समर कैंप में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** पुलिस लाइन में वामा सारथी, उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित समर कैंप में पुलिस परिवार के बच्चों के मध्य क्ले वर्क व क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। पुलिस लाइन में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन चल रहा है। जिसमें पुलिस परिवार के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। बच्चों के मध्य शतरंज, कैरम व लूडो प्रतियोगिता हुई। साथ ही क्ले तथा क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर मनाई वीर सावरकर जयंती


वीर सावरकर जयंती पर हुई प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं आयुष योग वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई गई। इसको लेकर ऑफीसर्स कॉलोनी के शहीद भगत सिंह पार्क में क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में वीर सावरकर की जीवन संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका सही उत्तर देने पर प्रथम विजेता रोहित बरनवाल, द्ववितीय विजेता रवि और तृतीय रहे अंकित सहगल को योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा एवं सुरेंद्र अग्रवाल ने प्रेरणा दायक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान एबीवीपी की सविता गोस्वामी, दीपा चौधरी, शिखर तिवारी, आदित्य पांडेय, अजय पांडेय, हर्ष तिवारी, अभय शुक्ला, दिव्यांश अवस्थी आदि मौजूद रहे। संचालन श्रीपाल जैन, सर्वेश गुप्ता ने किया।

### प्रशिक्षण संवर्ग में सीखे शौर्य, पराक्रम व साहस के गुण


प्रशिक्षण संवर्ग में मौजूद बजरंग दल के शिक्षार्थी। अमृत विचार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** बजरंग दल अवध प्रांत का सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन शिक्षार्थियों ने शारीरिक अभ्यास करके शौर्य, पराक्रम व साहस के गुण सीखें। पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड में 25 मई से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष विपुल सेठ व जिला मंत्री विजय सिंह भदौरिया की देख रेख में प्रशिक्षण संवर्ग चल रहा है। जिला संयोजक आनंद दीक्षित, सह संयोजक अतुल भदौरिया, सुरक्षा प्रमुख धीरज, सुधांशु, रंजीत, नगर संयोजक करन पांडेय और विक्रम गुप्ता मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन घायल

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में ग्राम धौरहरा निवासी मुनीश की पत्नी गुड्डी देवी (45), हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जड़ौरा निवासी ठाकुर प्रसाद के पुत्र अर्पित (18) और हैदराबाद थाना क्षेत्र के कोरैया निवासी विनोद कुमार का पुत्र विशाल (18) सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो गए हैं। जिनका सीएचसी में इलाज किया जा रहा है और हालत खतरे के बाहर बताई गई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# बड़े मंगल पर हनुमान चालीसा, जगह-जगह भंडारे

## मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक पूजन अर्चन करने के लिए उमड़ते रहे श्रद्धालु


लखीमपुर शहर के वीरबाबा हनुमान मंदिर में पूजन के दौरान श्रद्धालु।


लखीमपुर में भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल पर जिले के हनुमान मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक पूजन अर्चन करने करने के लिए श्रद्धालु उमड़ते रहे। शहर समेत जिले भर में हनुमान भक्तों ने जगह जगह शरबत वितरण और भंडारे का आयोजन किया।

शहर के बड़े चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, भुइंया माता मंदिर, खीरी रोड पर स्थित हनुमान मंदिर, वीरबाबा मंदिर, जंगली नाथ मंदिर के अलावा सभी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूजन किया और प्रसाद वितरण किया। वहीं, बेहजम में बाबा गौरीशंकर मंदिर में नव स्थापित पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष पं. संतोष अवस्थी ने सुंदरकांड का पाठ और हनुमान जी की पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद लोगों को वितरण कर भंडारे का शुभारंभ किया। कस्बे में राजू गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता बीमा अभिकर्ता, सोमू मिश्रा, मुदित रस्तोगी, दिव्यांशु, शिवा, सचिन कटियार आदि ने पूड़ी सब्जी बूंदी शर्बत आने जाने वाले राहगीरों को वितरण कराया।

उधर, बिजुआ में समाजसेवी अचल मिश्र पाले की ओर से पेट्रोल टंकी पर शर्बत व प्रसाद वितरण किया गया। बालाजी मंदिर मालपुर में व्यापारी सुत्तन गुप्ता ने राहगीरों, यात्रियों व श्रद्धालुओं को भंडारा में सब्जी-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण कराया। भंडारे से पहले व्यापारी सुत्तन गुप्ता ने सात कन्याओं को भोजन कराकर उनकों उपहार दिए गए। पड़रिया तुला में श्रीबाला जी पावनधाम में व्यापारी रामजीत सिंह, प्रधान श्यामल सिंह, व्यापारी प्रवीण गोयल की ओर से शर्बत का वितरण किया गया। मदन कटियार, दीपू, आर्यन, अभिषेक, मयंक गुप्ता, मूलचंद, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा

**बिलहरी। अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने कार्यकर्ताओं के साथ ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार पर मोहम्मदी रोड स्थित धिरावा मोड़ स्थित श्री हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ कर प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला अनुज वर्मा, प्रदीप जायसवाल, आकाश बजरंगी, विकास कनौजिया, मयंक श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, राहुल श्रीवास्तव, पारस कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


धिरावां मंदिर पर मौजूद बजरंग दल के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अलीगंज में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**संवाददाता, बिझौली। अमृत विचार :** अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित हुए बालाजी महाराज के भंडारे की शुरुआत में इंद्रपाल राठौर ने बालाजी महाराज की विधि-पूर्वक पूजन-अर्चन कर बजरंगबली के अति प्राचीन मान्यताओं वाले मंदिर बालाजी महाराज को भोग अर्पित किया। आयोजक जमुनहां निवासी इंद्रपाल राठौर ने बताया कि बालाजी महाराज की असीम अनुकंपा तथा मित्र-बंधुओं के सौजन्य, टीम के सहयोग से लगातार 12 वर्षो से प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। व्यवस्था में राधेश्याम राठौर, पूर्व प्रधान राजेश वर्मा, परमजीत सिंह, रंजीत सिंह, उमेश सिंह, रामचन्द्र, रामकिशन, मदन, ब्रम्हादीन, देवांश श्रीवास्तव, शानू, दयाशंकर आदि लगे रहे।


अलीगंज हनुमान मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### गोला में कई जगह सुंदरकांड पाठ व लगा भंडारा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** ग्राम पंचायत लाल्हापुर स्थित लक्ष्मणजती मंदिर पर विधायक अमन गिरि ने सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया। विधायक ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का पाठ का शुभारंभ कराया। भंडारे में शहर, क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी, हलवे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। लाल्हापुर ग्राम प्रधान जनार्दन गिरि, अजय गिरि, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, गोपाल कृष्ण शुक्ल, बालकृष्ण गुप्त, अनुराग गुप्त, संदीप शुक्ला, सचिन सिंहआदि ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर में कई जगह भंडारों व शरबत के प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओं ने राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया।


लक्ष्मणयती मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कहीं बंटा हलवा-पूड़ी तो कहीं शीतल शरबत


पलिया में हनुमत प्रसाद लेते भक्तों की भीड़। अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगलवार को पलिया नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु भक्तों ने बजरंगबली हनुमान मंदिरों में पहुंचकर मत्था टेका और नौतपा की प्रचंड गर्मी में लोगों को हलवा, पूड़ी, बेसन के लड्डू, शीतल शरबतए, खीर आदि वांटकर राहत पहुंचाई। नगर की पुरानी बाजार स्थित प्रसिद्ध हनुमान मठिया सहित अन्य हनुमत मंदिरों में प्रात: से ही हनुमान भक्तों ने पहुंचकर मत्था टेकना शुरू कर दिया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाया और आशीर्वाद मांगा। शहर में बने विभिन्न मंदिरों सहित यहां की संपूर्ण नगर रोड, भीरा रोड, स्टेशन रोड, निघासन मार्ग आदि विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वांटा गया। उधर दक्षिणेश्वर हनुमत मंदिरए हनुमान मठिया, ठाकुरद्वारा राम मंदिर, श्रीकुल आश्रम, झुकी डाल वाले पीपल स्थान आदि पर श्री सुंदरकांड पाठ एवं कीर्तन. भजन का आयोजन हुआ।

## सार-संक्षेप

### पूर्व प्रधान समेत तीन घरों से लाखों की चोरी

**संवाददाता, रजागंज। अमृत विचार :** कोतवाली गोला क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात चोरों ने दो गांवों में पूर्व प्रधान समेत तीन घरों पर धावा बोल दिया और नगदी-जेवर समेत करीब आठ लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। गांव रहमतनगर निवासी पूर्व प्रधान सुनील कुमार वर्मा उर्फ बुक्के ने बताया कि सोमवार की रात अत्यधिक गर्मी के कारण वह पूरे परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। सुबह जब नीचे आए तो देखा कि कमरों के ताले टूटे पड़े थे। अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी व बक्से आदि के ताले टूटे थे। यह देख परिवार में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पूर्व प्रधान ने बताया कि चोर नगदी समेत करीब छह लाख रुपये के जेवर आदि सामान चोरी कर ले गए हैं। पड़ोसी गांव मुर्तिहा में चोरों ने बलवंत भार्गव व गोकरन के घर से नगदी समेत करीब तीन लाख के जेवर चोरी कर ले गए। एक महीने पहले चोर रहमत नगर निवासी पूर्व प्रधान के घर के सामने कोटेदार संतोष कुमार वर्मा के घर से लाखों रुपये का सामान बटोर ले गए थे। पुलिस ने किसी भी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### डॉक्टर दरवाजा बंद कर करते रहे नाश्ता, मरीज हुए परेशान

**कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में डॉक्टरो की मनमानी मरीजो के लिए मुसीबत बन रही है। मरीजो को डॉक्टरों को दिखाने के लिए घण्टो प्रतीक्षा करनी पड़ती है। वह, भी सिर्फ इसलिए कि डॉक्टर ओपीडी का कमरा बन्द कर नाश्ता करते हैं। जिम्मेदार भी डॉक्टरों की इस मनमानी पर अंकुश नही लगा पा रहे है। मंगलवार को जिला अस्पताल में 1207 नए पर्चे बने। इसमे सबसे ज्यादा मरीज उल्टी, दस्त से लेकर बुखार और पेटदर्द के थे। राहत की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पंहुचे मरीजो की समस्याएं कम होने की बजाय और बढ़ गई। मंगलवार को फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेयी के अवकाश पर होने और डॉ शिशिर पांडेय के ओपीडी कक्ष का दरवाजा बंद कर नाश्ता करना मरीजों के लिए मुसीबत बन गया। तमाम मरीज डॉक्टर के ओपीड़ी कक्ष का दरवाजा खुलने के बाहर आधे घण्टे से ज्यादा देर तक खड़े होकर भीषण गर्मी में परेशान होते रहे।



डॉक्टर कक्ष के बाहर लगी मरीजों की भीड़।

### मारपीट में महिला समेत तीन नामजद

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नगरा सलेमपुर निवासी रमेशचंद की पत्नी मीना देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके घूरे की जमीन पर गांव के ही गोवर्धनलाल पुत्र रूपनलाल कब्जा करना चाहते हैं। जब उसने विरोध किया तो उन्होंने मुन्नालाल पुत्र गंगाराम और रीना देवी पत्नी मुन्नालाल के सहयोग से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे छोटे आई हैं। रीना देवी की तहरीर पर पुलिस ने गोवर्धनलाल, मुन्नालाल और रीना देवी के नामजद मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगाने में दो भाइयों सहित 3 के नामजद रिपोर्ट

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी से किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में दो भाइयों समेत तीन के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कॉलोनी निवासी किशोरी की मां ने मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम सुआबोझ कालोनी निवासी मोनू पुत्र विजेंद्र, मोनू के चाचा राजकुमार और मोनू का भाई सोनू के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी और मुख्य आरोपी की तलाश कर हिरासत में ले लिया है, जबकि दो आरोपी फरार बताए गए हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, फायरिंग का आरोप

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अर्जुननगर में घर में घुसकर मारपीट कर उत्पात मचाने और महिलाओं के गहने छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। मोहल्ला अर्जुननगर निवासी मोहम्मद शरीफ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 27 मई की रात दबंग पड़ोसी अपने 10-15 साथियों के साथ एकाएक लाठी डंडों, असलहों से लैस होकर उसके घर में घुस गए। आरोप है कि उन लोगों ने मारपीट की। बीच बचाव करने आए भतीजे को भी मारा पीटा। दबंगों ने महिलाओं के सोने के बुंदे, सोने की चेन, मोबाइल छीन लिया और फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मोहल्ले के लोग बताते हैं कि इन दोनों पक्षों का विवाद कई दिनों से चल रहा था। जिसको लेकर रविवार को समझौता भी हो चुका था। लेकिन समझौता के बाद भी दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की। तहरीर पुलिस को दी गई है।

# वैदिक समर कैंप में बच्चे सीख रहे योग और संगीत



गोला के समरकैंप में बच्चों को संस्कृति की शिक्षा देते प्रशिक्षक।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ **संस्कृत, संस्कृति और संस्कार वान होने की दी जा रही प्रेरणा**

**अमृत विचार :** मां कात्यायनी सेवा समिति द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को योग और शास्त्रीय संगीत के साथ संस्कृत, संस्कृति और संस्कारवान होने की प्रेरणा दी जा रही है। मां कात्यायनी सेवा समिति के संस्थापक एवं आयोजक पंडित रामदेव मिश्र शास्त्री ने बताया कि मानव समृद्धि एवं विकास के पथ पर तो अग्रसर है लेकिन देखा जा रहा है कि मानवीय मूल्यों में भारी गिरावट आ रही है। लोग अपनी संस्कृति, संस्कार और अपनों से दूर होते जा रहे हैं। इस दिशा में दूरगामी परिणामों को देखते हुए इस तरह के वैदिक समरकैंप करने का समिति की ओर से प्रयास किया गया। आज के बच्चे ही कल की भविष्य हैं। जो हमारी संस्कृति और संस्कारों के संवाहक बनकर मानवीय मूल्यों के साथ राष्ट्र सेवा करेंगे। इसी उद्देश्य को लेकर समर कैंप 21 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को संस्कृत, संस्कृति, संस्कार, योग और शास्त्रीय संगीत की शिक्षा और प्रेरणा दी जा रही है। प्रथम प्रयास है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम आएंगे। इसका असर भी दिख रहा है, समरकैंप में लगातार संख्या बढ़ रही है। वैदिक समरकैंप में रामेंद्र शुक्ला द्वारा योग की शिक्षा एवं हितेश पांडे द्वारा संस्कृत बच्चों को बताई जा रही सिखाई जा रही है। संस्कारवान बनाने हेतु श्याम किशोर अवस्थी बच्चों को संस्कार युक्त ज्ञान दे रहे हैं इसके अलावा संगीत हेतु अमन, नृत्य हेतु विशाल आदि इस समय कैंप का हिस्सा हैं। साथ ही मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, रवि सक्सेना, शिवेंद्र अवस्थी, पीयूष, पंकज बाजपेई, गुरुदेव शर्मा, हर्ष भारद्वाज, अमरनाथ मिश्र, आदित्य कुमार मिश्र व्यवस्था में लगे हुए हैं।

# पुलिस के सामने से भाग निकले हत्यारोपी

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)


घटनास्थल पर जांच करते सीओ मितौली।


खून के धब्बे को मोबाइल में कैद करता उपनिरीक्षक।

**अमृत विचार:** गांव मिर्जापुर में युवक की पीटकर की गई हत्या मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने से ही आरोपी दरवाजा खोलकर घर से भाग निकले और पुलिस खड़ी ताकती रही। वहीं, सूचना के करीब तीन घंटे बाद नीमगांव एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। घटना के बाद गांव में तनाव जैसे हालात हैं।

मृतक के परिवार वालों ने बताया कि हत्यारोपी त्रिभुवन थाना खीरी के गांव कादीपुर के रहने वाले हैं और वह करीब 15 साल से नीमगांव के गांव मिर्जापुर में स्थित अपनी ससुराल में रह रहे हैं। आरोपी त्रिभुवन का पुत्र टम्मू मृतक नागेश के परिवार की एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। मामला सजातीय होने के कारण ग्रामीण और रिश्तेदारों ने मिल बैठकर युवती की शादी आरोपी के पुत्र के साथ करा दी थी। उसके बाद से मृतक नागेश की नजदीकियां उसके चचेरे बहनोई की बहन के बीच बढ़ गईं। दोनों के बीच प्रेम परवान चढ़ा तो आपस में मिलने-जुलने लगे। इसकी जानकारी जब उसकी प्रेमिका के परिजनों को हुई तो दोनों के मिलने जुलने पर पाबंदी लगा दी गई।

▸▸ **युवती की बिरादरी का था मृतक युवक, गांव में तनाव**

> प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग में हत्या होने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी परिवार वालों ने तहरीर नहीं दी है। आरोपी फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस जांच कर रही है। -**शमशेर बहादुर सिंह, सीओ- मितौली**

परिवार वालों का कहना है कि इस बीच नागेश की आंत भ्रष्ट हो गई। उसका ऑपरेशन कराया गया था। मल मूत्र की कोशिकाएं बाहर ही थी, जिन्हें पुनः ऑपरेशन कर मल मूत्र की कोशिकाओं को अंदर किया जाना था। मंगलवार की सुबह उसकी हत्या कर दी गई। ग्रामीण बताते हैं कि जब यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खुलवाया तो सभी आरोपी मौके पर मौजूद थे। आरोपियों की मदद से ही मरणासन्न हालत में पड़े नागेश को पुलिस ने बाहर निकलवाया था। इसके बाद भी पुलिस ने किसी आरोपी को हिरासत में नहीं लिया। एक-एक कर सभी आरोपी मौके से भाग निकले। उधर, सूचना के करीब तीन घंटे बाद एसओ श्रद्धा सिंह मौके पर पहुंची।

### मिट्टी से लिपाई कर की खून के धब्बे मिटाने की कोशिश

**बेहजम, अमृत विचार :** घर के अंदर हत्यारोपियों ने नागेश पर लाठियों और धारदार से हमला किया। इससे जमीन पर काफी खून पड़ा था। हत्यारों ने साक्ष्य मिटाने के लिए घर के अंदर रखी तालाब की मिट्टी से आंगन और बरामदे की लिपाई की ताकि पुलिस को खून के धब्बे न दिख सके। मौके पर पहुंची पुलिस ने खून का बतौर नमूना एकत्र किया है।

### प्रेमिका की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**बेहजम, अमृत विचार :** प्रेमी नागेश के साथ परिजनों की पिटाई से घायल युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ ने बताया कि पिटाई से युवती का एक हाथ भी टूट गया है। युवती की सुरक्षा को लेकर अस्पताल में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर युवती के पिता त्रिभुवन, रामचंदर व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एक बिरादरी के हैं युवक-युवती

मृतक युवक व उसकी प्रेमिका एक ही बिरादरी के हैं। दोनों के घर 50 मीटर की दूरी पर हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों के बीच पिछले दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# बच्चों की मुस्कान में कटे होंठ नहीं लगाएंगे ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **लखनऊ के सिफ्स हॉस्पिटल में होगी निःशुल्क सर्जरी**

▸▸ **स्वास्थ्य विभाग ने चिंहित कर 32 बच्चों को भेजा**


सीएमओ कार्यालय परिसर में मौजूद कटे होंठ व तालू पीडित बच्चे और उनकी मां।

**अमृत विचार:** कटे होंठ व तालू से ग्रसित जिले के 32 मासूमों को लखनऊ में निःशुल्क ऑपरेशन होगा। इससे उन्हें इस समस्या से हमेशा हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा और भी बड़े होकर बिना किसी संकोच के खुलकर मुस्कुरा करेगें। सीएमओ ने इन चिहिंत बच्चों को मंगलवार को ऑपरेशन के लिए लखनऊ रवाना कर दिया।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डीईआईसी अमित खरे ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जन्म से लेकर 19 साल तक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका निःशुल्क इलाज कराया जाता है। इसके तहत जिले भर में अभियान चलाकर जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों को चिहिंत किया जाता है। पिछले दो माह में जिले भर से चिहिंत 32 बच्चों को नोडल अधिकारी डॉ. अमित सिंह के नेतृत्व में सर्जरी के लिए मंगलवार को सीएमओ कार्यालय से लखनऊ रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यालय से सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर बस लखनऊ भेजी है।

नोडल डॉ. अमित सिंह ने बताया कि आरबीएसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में जन्म से लेकर 19 वर्ष तक के जन्मजात दोष वाले बच्चों का परीक्षण पर जिले से लेकर राज्य स्तर पर मुफ्त इलाज से लेकर सर्जरी कराई जाती है। एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार, डीपीएम अनिल यादव, डॉ. भरत सिंह, डॉ. गणेश कुमार, कुलदीप सिंह चौहान, डीसीपीएम सहित आरबीएसके टीम के डॉ. रजिया, डॉ संदीप, डॉ अभिमन्यु, डॉ. सोनी, डॉ. नरेन्द्र, डॉ. पीयूष, डॉ. सुरेश चंद्रा, डॉ. एसएस सिंह आदि मौजूद रहे।

**कहां कितने बच्चे किए चिन्हित**

बेहजम में तीन, निघासन - दो, बिजुआ- दो, मोहम्मदी- पांच, कुंभी- चार, ईसानगर- तीन, नकहा- दो, फरधान- तीन, रमियाबेहड़- दो, पलिया- एक, फूलबेहड़- दो, धौरहरा- तीन

### शारदा नहर में डूबे गेट मैन का शव 43 घंटे बाद बरामद

**संवाददाता, उचौलिया। अमृत विचार :** शारदा नहर में डूबे रेलवे के गेट मैन आशीष कुमार यादव का शव 43 घंटे बाद हरदोई जिले के थाना मझिला क्षेत्र में शारदा नहर पर बने सहादत नगर पुल के पास बरामद हुआ। प्रयागराज के थाना हंडिया के ग्राम भूंई निवासी आशीष कुमार यादव पुत्र तारा सिंह उचौलिया रेलवे स्टेशन से सम्बद्ध 11 नंबर पर गेटमैन था। रविवार की शाम पांच बजे भीषण गर्मी में अपने गेटमैन साथी उज्जवल कुमार निवासी बाबूगढ़ जिला हापुड़ के साथ शारदा नहर में नहाने गया था। तिलहर शाहजहांपुर से भी तीन गेटमैन साथी नहाने के लिए आए थे। आशीष सहित सभी की नाइट ड्यूटी थी। नहाते वक्त आशीष ने तैरकर नहर पार करने की कोशिश करने लगा। इसी बीच वह डूब गया। साथी थोड़ा पीछे थे इसलिए बचा नहीं सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोहम्मदी से तैराक बुलाए और तलाश शुरू कराई, लेकिन वह नहीं मिला। तलाश सोमवार को भी जारी रही। तैराक कन्नौज से भी बुलाए गए। इसके बाद सोमवार शाम पीएसी की फ्लड यूनिट भी आ गई, लेकिन आशीष के शव को नहीं खोज सके। मंगलवार को लगभग 25 किलोमीटर दूर हरदोई जिले में मझिला थाना क्षेत्र में सहादत नगर पुल के पास उसका शव बरामद हुआ। उचौलिया पुलिस शव को लेकर आई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गमजदा परिवार वाले कुछ कह तो नहीं पाए, लेकिन उनके चेहरे बता रहे थे कि वे उचौलिया पुलिस की शिथिल कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। यह घटना एक सवाल भी छोड गई कि तिलहर से जो साथी आए थे वे तुरंत रफूचक्कर क्यों हो गए।

**आर्यावर्त बैंक**
प्रधान कार्यालय, A-2/46, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)-226010
दूरभाष: 7388800788, 7388800600, ई-मेल: ho.ans@aryavartbank-rrb.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**
आर्यावर्त बैंक, प्रधान कार्यालय, लखनऊ, इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से GeM Portal के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | निविदा | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | "आर्यावर्त बैंक प्रधान कार्यालय" गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ के आंतरिक कार्य हेतु वास्तुकला एवं इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदान करना (Providing Architectural & Engineering Consultancy Services for Interior work of "Aryavart Bank Head Office" Gomti Nagar Extension Lucknow) | दिनांक 13.06.2024 (गुरूवार) दोपहर 03.00 बजे तक |

उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारे बैंक की वेबसाइट www.aryavart-rrb.com पर Tender Section में Tender Sr. No- 384 dated 24.05.2024 अथवा GeM Portal में Bid No. GeM/2024/B/4978308 dated 24.05.2024 देखें।
*नोट: प्राप्त किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण रद्द करने का सर्वाधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।*
महाप्रबंधक, आर्यावर्त बैंक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि MOBEEN AHMAD S/O ABDUL SAKOOR निवासी सिकंदरपुर परसरामपुर बस्ती का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर ABDUL MOOBIN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
पंजीकृत फर्म मे0 लकी ट्रेडर्स विवेक नगर सुलतानपुर की साझेदारी में श्री दया नारायण सिंह पुत्र स्व0 श्री शीतला बक्श सिंह निवासी ग्राम सदरपुर तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर की मृत्यु दिनांक 02-04-2022 को हो गयी। इनको फर्म से पृथक करते हुए नया साझीदार सौरभ सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी विवेक नगर सुलतानपुर को शामिल किया गया है। **राम बहादुर सिंह, साझीदार, मे0 लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर सुलतानपुर।**

**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र सहीद का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नसीर पुत्र मैकू, निवासी खानपुर, थाना ठठिया, जनपद-कन्नौज**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAIF से बदलकर MOHAMMAD SAIF KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O MOHAMMAD IYAZ AHMAD ADD- MANGAURA POST- DULARI NAGAR, AMETHI (U.P.)**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र प्रशांत तथा उसकी पत्नी हेमा को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदायी होंगे मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **हरिशंकर पुत्र स्व0 अशर्फी लाल निवासी गणेश नगर कॉलोनी थाना कोतवाली जिला खीरी**

**सूचना**
विकास खण्ड मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की न्याय पंचायत रसूलाबाद की ग्राम पंचायत रसूलाबाद, कोड.री मोहीउद्दीनपुर एवं न्याय पंचायत दादरा की ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर, भद्दैर के समस्त मछुआ समुदाय के मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य आखेटक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को समय 11 बजे दिन में स्थान बाबा परागदास आश्रम निजामुद्दीनपुर पर नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक में पहुंचकर सफल बनाए। **भवदीय राम सजीवन निषाद ग्राम-निजामुद्दीनपुर, पोस्ट- इसौली, मुसाफिरखाना, अमेठी।**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### कंटेनर खराब होने से हाईवे पर लगा जाम

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित जाजमऊ पुल पर एक कंटेनर खराब हो गया। जिससे लंबा जाम लग गया। जाम में तमाम वीआईपी फंसे रहे। जाम को देख पहुंची पुलिस ने कंटेनर को किनारे करवाया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक कंटेनर मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे पुराने जाजमऊ पुल पर खराब हो गया। जिस कारण मार्ग संकरा हो गया। पीछे से आ रहे बड़े वाहन निकल नहीं सके और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर त्रिभुवन खेड़ा तक लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने किसी तरह कंटेनर को किनारे करवाया।

### डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर हुआ मरम्मत कार्य

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल की डाउन लाइन पर पटरियों की मरम्मत के लिये डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेल कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिस कारण रेल संचालन प्रभावित रही। मंगलवार दोपहर 03 :10 बजे से शाम 04 :40 बजे के बीच डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया गया। ब्लॉक अवधि के दौरान रेल कर्मियों ने रेलवे पुल पर टेढ़ी पटरियों की मरम्मत का कार्य किया। इसके साथ ही गई स्थानों पर पटरियों को बदला भी गया।

### नौतपा की तपन नहीं हो रही बर्दाश्त, मंगलवार रहा माह का सबसे गर्म दिन

# 46 डिग्री पहुंचा पारा, लू के थपेड़ों से लोग हुए बेहाल

उफ ! यह गर्मी

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** नौतपा नक्षत्र चलने के कारण पारा दिनों दिन रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा है। मंगलवार दोपहर पारा 46 डिग्री पहुंच गया। जिस कारण नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिले। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग मुंह को पूरी तरह से ढक कर निकले। इसके बावजूद लू के थपेड़ों से परेशान हो गये। वहीं दोपहिया वाहन सवार रेंगते हुये आने जाने को मजबूर हुये।

मंगलवार को दिन मई माह का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह दस बजे से ही तेज धूप होने के कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारह बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। आवश्यक कार्य से जाने वाले लोग भी गमछे, तौलिया से सिर को पूरा ढके हुए गन्तव्य की रवाना हुए। दोपहर दो बजे तक राजधानी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी नगण्य रही। तेज धूप के कारण पशु पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए। वहीं फोरलेन से जरूरी काम को आने जाने वाली महिला और युवती दुपट्टे, स्टॉल से पूरा मुंह ढक कर निकली। इसके साथ ही छोटे बच्चों के साथ निकले उनके माता पिता भी बच्चों को छाता लगाकर धूप से बचाव करते रहे। पारा 46 डिग्री तक पहुंचने के कारण शाम के समय भी लू के थपेड़ों का एहसास होता रहा। लोगों के मुताबिक यदि यही हाल रहा तो जून माह में इस बार पारा पिछले कई रिकार्ड तोड़ सकता है। भीषण गर्मी से आमजनमानस पूरी तरह बेहाल है। वहीं रात में हो रही बिजली कटौती के चलते लोग रात को भी चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं।



दोपहर के समय फोरलेन पर इस तरह पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

### प्रमुख मार्गों और चौराहों पर रहा सन्नाटा

पारा अधिक चढ़ने के कारण मंगलवार दोपहर नवीन पुल, आजाद मार्ग, बैराज मार्ग, फोरलेन, मरहला चौराहा के अलावा अन्य गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। जिससे न के बराबर चहलकदमी देखने को मिली।

### एबीसी केबिल डालने को लेकर 8 घंटे बंद रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर में जर्जर तारों को बदलने के लिये कार्यदायी संस्था पिछले काफी दिनों से कार्य करा रही है। मंगलवार को नगर के आर्य नगर और अंबिकापुरम में जर्जर तार बदलने का काम हुआ। इस दौरान सुबह से शाम तक दोनों मोहल्लों की बिजली बंद रही। बिजली न आने से घरों में मौजूद लोग बिलबिला उठे। मंगलवार सुबह कार्यदायी संस्था के कर्मचारी नगर के अंबिकापुरम और आर्य नगर मोहल्ले में पहुंचे। जहां पुराने तारों को बदलने के लिये कर्मचारियों ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी। जिसके बाद आर्य नगर में 100 केवीए के दो ट्रांसफार्मर और अंबिका पुरम में 400 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद कराई गई। इस दौरान कर्मचारियों ने पोल से पुरान तार हटाये। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डाली। दोपहर के समय बिजली न आने पर गर्मी में लोग बिलबिला उठे। शाम छह बजे के बाद कार्य पूरा होने पर दोनों मोहल्लों की आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।



पीएचसी में ओपीडी के दौरान लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

# भीषण गर्मी के चलते ओपीडी फुल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** मई माह में गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है। जिस कारण तरह-तरह की बीमारियां भी लोगों में फैल रही हैं। मंगलवार को सरकारी अस्पताल में ओपीडी के दौरान भारी भीड़ रही। जहां सर्दी, जुकाम, बुखार, हीट स्ट्रोक, त्वचा और डायरिया के लक्षण वाले मरीज पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज कर दवाइयां दी। इसके साथ ही धूप से बचने की सलाह दी।

गर्मी का प्रकोप हर रोज बढ़ता ही जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोजाना डायरिया, हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीज पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पीएचसी में ओपीडी कराने के लिये मरीज पहुंचे। जिसमें अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा डायरिया, हीट स्ट्रोक के थे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी। सुबह दस बजे से ही पीएचसी में मरीजों की लाइन लगी रही। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते डायरिया के मरीज बढ़े हैं। पानी कम पीने से गर्मी की चपेट में लोग ज्यादा आ रहे हैं। जिससे सिर दर्द, भारीपन, पेट में दर्द जैसे लक्षण वाले मरीज भी ओपीडी में आ रहे हैं। मंगलवार को सुबह दस बजे से दो बजे के बीच हुई ओपीडी के दौरान 155 मरीज देखे गये। जहां डॉक्टरों ने उनका परीक्षण कर दवाइयां दी।

#### गर्मी में इन चीजों से करें बचाव

- गर्मी को देखते हुये तेज धूप से आने के बाद सीधे ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक के अलावा अन्य तरल ठंडी चीजों का सेवन करते हैं। जिससे बीमार पड़ रहे हैं। साथ ही बाजार से फास्टफूड खाना, कटे फल, वासी भोजन का सेवन करने से दस्त, उल्टी, पेट दर्द की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

#### यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण

- तेज धूप में अधिक देर रहने से लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं। इसमें शरीर का तापमान अचानक बढ़ जाना, पानी की कमी के कारण पसीना न आना। शरीर में सूखापन या लाल होना, उल्टी दस्त के साथ शरीर में कमजोरी महसूस होना, अचानक बेहोश जैसे लक्षण होने पर डॉक्टरों से तुरंत सलाह लें।

# किशोरी की हत्या में शामिल दो युवकों को मिली उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- माखी थाना के शिव बक्श खेड़ा में हुई थी हत्या

**अमृत विचार।** माखी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई किशोरी की हत्या के मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने दो युवकों को इसका दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा के साथ उन पर 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। ।

बता दे माखी थानाक्षेत्र पवई गांव के मजरा शिवबक्स खेड़ा निवासी विनोद पुत्र राम नरेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 वर्षीय बहन 12 जुलाई 2020 की सुबह करीब साढ़े छह बजे शौच के लिए खेत पर गई थी। जहां पहले से घात लगाए खड़े गांव के ही सुशील पुत्र प्रीतम और संदीप पुत्र दयशांकर ने उसकी हत्या कर दी और उसका शव पास में एक बांस कोठी में छिपा दिया था। बताया कि इन्ही युवकों ने दो दिन पहले बहन से छेड़छाड़ भी की थी। इसका विरोध करने पर उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी सुशील को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तत्कालीन एसओ पवन कुमार सोनकर नें जांच के बाद सुशील के विरुद्ध 27 सितंबर 2020 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं दूसरे आरोपी संदीप का नाम जांच के आईओ ने हटा दिया था। इस पर विनोद ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर संदीप का नाम शामिल करने की मांग की। जिसकी सुनवाई के बाद संदीप का नाम बढ़ाया गया।

मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार कुशवाहा की ओर से पेश की गई दलीलों व पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर एडीजे असलम सिद्दकी ने आरोपी सुशील व संदीप को उम्र कैद के साथ 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### चंदन घाट पर मिले शव की नहीं हुई पहचान

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार देर शाम जाजमऊ चंदन घाट पर एक चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव पड़ा झाड़ियों में पड़ा देखा था। जिस पर मौजूद लोगों ने हत्या का आशंका जाहिर की है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को झाड़ियों से बाहर निकलवाया। जिसके बाद आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। दूसरे दिन भी पुलिस मृतक की पहचान नहीं करा सकी। चौकी इंचार्ज विमल गोयल ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया का भी सहारा लिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

# हनुमान मंदिरों में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** जेठ माह में पड़ने वाले पहले बड़े मंगल को लेकर नगर व ग्रामीण क्षोत्रों में जगह-जगह शर्बत वितरण किया गया। इसके अलावा नगर के हनुमान मंदिरों में बाबा के भक्त विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद और शर्बत वितरण किया।

जेठ के बड़े मंगलवार पर राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में रोटी बैंक के प्रदीप शुक्ला, बृजेश मिश्रा, आनंद वर्मा, राममोहन शुक्ला, शिवम पांडे आदि पदाधिकारियों ने बाबा की पूजा अर्चना करने के बाद सुबह साढ़े सात बजे से ही शर्बत वितरण शुरू कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत का प्रसाद चखा। वहीं राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार कराया गया। इसके साथ ही दुर्गा मंदिर के सामने शर्बत वितरण कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में ठंडा-ठंडा शर्बत पिया। इसके अलावा नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड का पाठ कराया गया। जिसके बाद समापन के बाद विशाल भंडारा कराया गया। वहीं कई स्थानों पर गर्मी को देखते हुये शर्बत वितरण कराया गया। शर्बत वितरण सुबह से शाम तक चलता रहा। इसके अलावा राजधानी मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, कंचन नगर समेत आस पास ग्रामीण इलाकों में भी ज्येष्ठ मंमल पर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं राजधानी मार्ग पर रोटरी क्लब के विवेक गुप्ता ने शर्बत वितरण कराया। वहीं आजाद नगर स्थित श्री बाला जी मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार किया गया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां राधेश्याम निषाद, राजकुमार निषाद, डॉ. प्रकाश, जीतू, पप्पू रावत, नन्हक्के, सचिन मौजूद रहे। इसी तरह इंद्रा नगर में सपा नगर अध्यक्ष शुभ गुप्ता ने शर्बत बांटा। जहां ओमप्रकाश मिश्रा, हिमांशु सिंह, राजन कनौजिया, सत्यम, साजन सोनी, स्वस्तिका गुप्ता, विनायक गुप्ता मौजूद रहे।



आजाद नगर बाला जी मंदिर में बाबा का हुआ श्रृंगार।



राजधानी मार्ग पर लोगों को शर्बत पिलाते आयोजक।

# मार्ग दुर्घटनाओं में दस लोग हुए घायल

संवाददाता औरास/बांगरमऊ

- औरास में एक्सप्रेस वे का डिवाइडर तोड़ कर पलटी कार
- बांगरमऊ में हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**अमृत विचार।** औरास व बांगरमऊ में हुए सड़क हादसों में दस लोग घायल हो गए।

बहराइच जिले के थाना दरगाह अंतर्गत हमजापुर गांव निवासी अभिषेक त्रिपाठी (25) पुत्र संतोष त्रिपाठी, काजल शुक्ला पत्नी घनश्याम शुक्ला, श्रेया त्रिपाठी पुत्री ओम प्रकाश त्रिपाठी, बबलू शुक्ला पुत्र घनश्याम शुक्ला व सुमन त्रिपाठी पत्नी ओमप्रकाश त्रिपाठी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे से भिंड मुरैना से बहराइच जा रहे थे। औरास थाना क्षेत्र के गहा खेड़ा गांव के पास कार चला रहे अभिषेक को झपकी लग गई। इससे अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा कर जाली तोड़ते हुए एक्सप्रेसवे के नीचे पलट गई। हादसे में कार सवार सभी यात्री गंभीर घायल हो गए। जिन्हे यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाल कर सीएचसी पहुंचाया। जहां से सभी को प्राथमिक लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से खिंचवाकर को टोल प्लाजा में खड़ा कराया गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतरधनी निवासी मैनुद्दीन (30) व मंगलवार सुबह बाइक से तकिया चौराहा जा रहा था। तभी रास्ते में पड़ने वाले ईट-भट्ठे के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। फतेहपुर चौरासी अंतर्गत ग्राम मौहाई निवासी सोनू (19) पुत्र ताम्र ध्वज व धर्मेंद्र (21) बाइक से बांगरमऊ आ रहे थे। हरदोई मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# बाइक पर स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल, पुलिस ने लिया संज्ञान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक का बाइक से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। जिसे जिले के अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को वीडियो के संदर्भ में युवक का पता लगाकर उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। वीडियो वॉयरल की पुष्टि आपका अमृत विचार नहीं करता है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक दस सेंकेंड का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें एक युवक बाइक की शीट पर खड़ा होकर तेजी से बाइक भगाता दिखाई पड़ रहा है। जिस पर लोगों ने तरह-तरह के कमेंट किये। यहां तक कि कुछ लोगों ने बताया कि अक्सर यह युवक भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी इसी तरह बाइक से स्टंट करता रहता है। जिससे कई बार आने जाने वाले लोग भी इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच चुके हैं। स्टंटबाजी का वीडियो एक्स पर पोस्ट होने के बाद उन्नाव के पुलिस आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को वॉयरल वीडियो में स्टंट कर रहे युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि युवक मंशा खेड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार नहीं करता है।



बाइक पर खड़े होकर स्टंट करता युवक।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बांगरमऊ पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो के वांछित को गिरफ्तार किया।

बांगरमऊ थाना क्षेत्र के ग्राम गहरपुरवा मान सिंह पुत्र बैजू के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। वह दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहा था। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान दरोगा अचल कुमार रावत मंगलवार को आगरा-एक्सप्रेस वे टोल प्लाजा के पास हरदोई- बांगरमऊ मार्ग के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में खड़ा दुष्कर्म का आरोपी।

**महिला ने पति पर बेटी के साथ गलत काम करने का लगाया आरोपः** महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसका पति लखनऊ में रहता है और वह गांव में रहती है। पति साथ उसकी नाबालिग बेटी भी रहती हैं। गांव उसका पति छोड़ गया। बेटी ने बताया कि पिता ने उसके साथ गलत काम किये हैं। जिस पर महिला ने पुलिस को तहरीर कार्यवाही की मांग की ।

# परिवार कल्याण विभाग की टीम ने की जांच

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** परिवार कल्याण विभाग की टीम ने सीएचसी एवं एचडब्लूसी का निरीक्षण किया। टीम ने केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं से सम्बंधित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने के साथ साफ सफाई रखने पर जोर दिया।

स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के राजीव दुबे, केंद्रीय मातृत्व शिशु स्वास्थ्य विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डा. स्नेहा भुतरेजा अपनी टीम के साथ नवाबगंज सीएचसी पहुंची। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिये उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। लेबर रूम का निरीक्षण कर महिला चिकित्सक डा .रिचा श्रीवास्तव व डा. रुचि त्रिपाठी से जानकारी ली। सीएचसी पर आने वाली गर्भवती महिलाओं तथा उनमें चिन्हांकित उच्च जोखिम वाली महिला मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं व उनसे संबंधित दस्तावेजों का मुआयना किया। फार्मेसिस्ट प्रदीप कुमार से महिला मरीजों व शिशुओं के लिये उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली। इसके बाद मकूर स्थित हेल्थ वेलनेश सेंटर भी गई। यहां नियुक्त सीएचओ सोनी देवी से मरीजों के लिये उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान डा. राजेश कुमार, डा. शैलेन्द्र रहे।



मातहतों से जानकारी लेती परिवार कल्याण विभाग की टीम। अमृत विचार

मनमानी

### सहायक अभियंता बोले स्टीमेट में नहीं है नई ईंटों के इस्तेमाल का प्रावधान

# हद कर दी : पुरानी ईंटों से करा दिया पुलिया का निर्माण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र की साईट-एक में पुलिया निर्माण में पुरानी ईंट इस्तेमाल करने का श्रमिक सहित आसपास के ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं। यहां नाली का नया निर्माण कराया गया है। इसके बाद भी यूपीएसआईडीसी के अभियंता स्टीमेट में पुरानी ईंटों के इस्तेमाल का दावा करते हैं।

जी हां कलक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय से मात्र करीब चार किलोमीटर दूर पुलिया का निर्माण कराया गया है। सोमवार तक पुलिया की चुनाई करते हुए राज-मिस्त्री पुरानी ईंटों से निर्माण करते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली से निकली ईंटों से ही पुलिया का निर्माण किया गया है। यही नहीं निर्माण में की गई धांधली छिपाने के लिए मंगलवार को ही पुलिया पर प्लास्टर का कार्य पूर्ण कर लिया गया। यही नहीं आसपास औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों ने बताया कि निर्माण में मौरंग के बजाए डस्ट व बालू के साथ नाममात्र सीमेंट का इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसलिए बनकर तैयार हो रही पुलिया जल्द ही ध्वस्त हो जाएगी। लोगों ने बताया कि नाली व पुलिया निर्माण पर बड़ा बजट खर्च किया जा रहा है। अभियंताओं की सह पर ठेकेदार निर्माण में मोटी कमाई के लिए मनमाने ढंग से कार्य करा रहा है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि वह ठेकेदार के कहे मुताबिक सामग्री तैयार करते हैं। साथ ही पुरानी ईंट भी ठेकेदार के कहने पर इस्तेमाल की हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार :** निर्माण एजेंसी यूपीएसआईडीसी के सहायक अभियंता अरुण गोस्वामी ने बताया कि स्टीमेट में नई ईंट का प्रावधान नहीं है। इसीलिए ठेकेदार पुरानी ईंटों का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि स्टीमेट के आधार पर ही निर्माण हो रहा है। समय-समय पर वह स्वयं साईट का निरीक्षण कर रहे हैं।



पुरानी ईंटों से पुलिया का निर्माण करते श्रमिक। अमृत विचार



अनियमितता छिपाने को आनन-फानन में किया गया प्लास्टर। अमृत विचार

# युवक का खेत के पास पड़ा मिला शव, कोहराम

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- सड़क हादसे में मौत होने की संभावना

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थाना अंतर्गत मंगलवार को एक युवक शव खेत के पास पड़ा देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई।

सफीपुर कोतवाली के गांव लच्छीखेड़ा निवासी सुदामा उर्फ लुझरी (30) पुत्र राम खेलावन एक हाथ से दिव्यांग था। वह लोगों मांग कर अपना व दृष्टिबाधित पिता का पेट भरता था। मंगलवार सुबह उसका शव उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कठिघरा गांव को जाने वाले मोड़ पर रामचंद्र के खेत में पड़ा देख लोग दंग रह गए। बताते है सोमवार को कठिघरा गांव निवासी इंसाफ अली की दो बेटियों की बारात म लच्छीखेड़ा व मंगली खेड़ा गांव से आई थी। लच्छीखेड़ा से आई बरात में शामिल लोगों के नाश्ते की व्यवस्था हरदोई-उन्नाव मार्ग के किनारे थी। कुछ लोगो ने सुदामा को रात में नाश्ता करते देखा था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां से निकलने के दौरान किसी वाहन की टक्कर से मौत हुई है। कठिघरा गांव निवासी राजू की सूचना पर पुलिस पहुंची जांच कर उसके पिता को सूचना दी। बेटे की मौत की सूचना पर पहुंचे पिता ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह बेटे के साथ माढ़ापुर गांव में थे। दोपहर को सुदामा 130 रुपये लेकर कर पैदल चला आया था।

# फैक्ट्री में हुई श्रमिक की मौत, किया हंगामा

## रात भर फैक्ट्री में ही पड़ा रहा शव सुबह सहकर्मियों के पहुंचने पर हुई जानकारी, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बिछिया उन्नाव



सत्य नारायण।

**अमृत विचार।** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री श्रमिक की छुट्टी के बाद कपड़े बदलते समय मौत हो गई। इसकी जानकारी किसी को नही हो सकी और सभी कर्मचारी अपने घर चले गए। सुबह कपड़े बदलने पहुंचे श्रमिको ने उसका शव पड़ा देखा तो सनसनी फैल गई। फैक्ट्री प्रबंधक की सूचना पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमें उसकी ब्रेन हैमरेज से मौत की पुष्टि हुई। वहीं पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर फैक्ट्री पहुंचे और मुआवजे मांग को लेकर हंगामा किया। दही एसओ ने दोनों पक्षों की वार्ता कराई इसके बाद परिजन माने।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी निवासी सत्यनारायण (45) पुत्र स्व. मथुरा प्रसाद दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र साइट 2 स्थित सुपर हाउस की एसेसरीज़ फैक्ट्री में 10 वर्ष से हेल्पर पद पर काम करता था। वह कंपनी का नियमित कर्मचारी था। सोमवार सुबह को वह रोज की तरह काम पर गया था। शाम को छुट्टी होने के बाद वह कपड़े बदलने के लिए फैक्ट्री के द्वितीय तल पर गया और वही पर पैंट पहनते समय अचेत हो गया। इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। फैक्ट्री के सभी कर्मचारी चले गए। केवल गेट पर सुरक्षा गार्ड मौजूद था। इधर घर नही पहुंचने पर जब बड़े भाई शिवराम ने साथी श्रमिको से जानकारी करने के बाद भाई के मंदिर जाने की बात सोच कर सो गया। मंगलवार सुबह ड्यूटी पर पहुंचे श्रमिक कपड़े बदलने पहुंचे तो सत्यनारायण का शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए। श्रमिको की भीड़ एकत्र हो गई। मैनेजर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। जहां उसकी ब्रेन हैमरेज से मौत की बात सामने आई। दिवंगत युवक तीन भाइयों में छोटा था। उसने शादी नही की थी इसलिए वह भाई के साथ रहता था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर फैक्ट्री गेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने काफी देर हंगामा काटा। दही एसओ मौके पर पहुंचे और परिजनों और प्रबंधन की वार्ता कराई। जहां दो लाख रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने के अश्वाशन पर परिजन गेट से हटे। एसओ अनुराग सिंह ने बताया फैक्ट्री में शव पड़ा होने की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। किसी का कोई आरोप नही है।

### ट्रैक्टर चालक की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



जोहधा।

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के हाफिजाबाद गांव निवासी युवक पड़ोसी गांव रहकर ट्रैक्टर चलाता था। सोमवार की रात को उसके सिर चोट लगने के बाद ट्रैक्टर मालिक ने परिजनों को बिना सूचना दिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने मालिक पर एक साल से वेतन नहीं देने और मांगने पर पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमे शराब मिलने के साथ ही गिरने से सिर में आई चोट से मौत की बात सामने आई है। सदर कोतवाली के हाफिजाबाद गांव निवासी जोहधा लोधी (22) पुत्र रामपाल बीते एक साल से पड़ोस के गांव रुस्तमपुर निवासी रज्जन व सज्जन सोनकर के यहां रहकर उनका ट्रैक्टर चलाता था। ट्रैक्टर एक ईट भट्ठे में लगा था। वह कभी-कभी घर आता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बड़े भाई सरवन ने आरोप लगाया कि करीब एक साल इन लोगों ने भाई को ट्रैक्टर चलाने की तनख्वाह नहीं दी।

# जंगल में ले जाकर किशोरी से किया दुष्कर्म

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- मां ने गांव के युवक पर लगाए आरोप, जांच शुरू

**अमृत विचार।** असोहा थाना अंतर्गत एक किशोरी को गांव का ही एक युवक बहला कर जंगल में ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू की है।

असोहा थाना क्षेत्र कें एक गांव निवासी महिला ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया की रविवार को करीब चार बजे उसकी नाबालिग बेटी घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव का सुधीर यादव उसकी बेटी को बहला फुसला कर गांव के बाहर जंगल में गया। और उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बेटी को घर के बाहर न पाकर मां ने उसकी तलाश की तो वह घर करीब 500 मीटर दूर बेसुध जंगल पड़ी मिली। होश में आने उसने अपने संग हुई हैवानियत की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक ने किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू की है। इस बावत एसओ रामऔतार ने बताया की तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला ने पिता-पुत्र पर दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**पुरवा उन्नाव।** असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पिता-पुत्र पर मारपीट करने के साथ ही बेटी से छेड़खानी का आरोप लगाया है। जिस पर एसपी की निर्देश पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। असोहा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया की गांव का अशोक पुत्र कल्लू आये दिन शराब पीकर गाली गलौज करता है। बताया कि 15 मई की शाम उसकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी अशोक वहां पहुंचा और उसके दरवाजे पर गाली देने लगा। बेटी ने इसका विरोध किया तो उसने अपने बेटे अरविन्द के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। शोर सुन कर इसकी देवरानी बचाने पहुंची तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान अरविंद ने बेटी से छेड़छाड़ भी की थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह इसकी शिकायत लेकर थाने गई लेकिन एसओ नहीं मिले। पुलिस कर्मी रात भर हम लोगो को थाने मे बैठाए रखे लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसपी के आदेश पर आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस बाबत एसओ रामऔतार ने बताया महिला ने थाने में कोई शिकायती पत्र नहीं दिया था। एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एनडीसन कालेज को बीईओ ने थमाया नोटिस

फालोअप

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

- मेधावी बेटे को सम्मानित न किए जाने की पिता ने की थी शिकायत

**अमृत विचार।** कक्षा तीन के मेधावी छात्र को सम्मानित न किए जाने की शिकायत को बीईओ ने गंभीरता से लेकर एनडीसन पब्लिक इंटर कालेज को नोटिस जारी किया है। विद्यालय से पांच दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है।

बताते चलें कि पिछले सप्ताह कस्बे के राहतगंज बाजार निवासी रामानुज अग्निहोत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके बेटे कक्षा तीन के छात्र तेजस को परीक्षा में 98.6 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं। इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने अन्य मेधावियों के साथ उसके बेटे को नहीं सम्मानित किया। अभिभावक ने विद्यालय की इस उपेक्षा से छात्र के मर्माहत होने का दावा किया था। साथ ही प्रबंधन पर मनमाने ढंग से अभिभावकों पर दबाव बनाकर विभिन्न तरह के शुल्क वसूलते हुए आर्थिक उत्पीड़न का आरोप भी लगाया था। पीड़ित छात्र के पिता की ओर से दिए गए शिकायती पत्रों के आधार पर अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

मंगलवार को बीईओ ने विद्यालय को नोटिस भेजकर पांच दिन में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा है। नोटिस में सम्मानित करने में भेदभाव का कारण स्पष्ट करने के साथ यूनीफार्म सहित अन्य मदों में वसूली करने के आरोपों का जवाब भी मांगा गया है।

# प्रतिभा दिखाने को खिलाड़ियों को मिले पांच-पांच ओवर

अंडर-16 का ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



चयनकर्ताओं व डीसीए पदाधिकारियों के साथ ट्रायल में शामिल खिलाड़ी। अमृत विचार

- सुबह छह बजे से ट्रायल शुरू कराने के बाद भी गर्मी से बेहाल रहे प्रतिस्पर्धी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के मार्गदर्शन में शहर के निखत स्टेडियम में सत्र 2024-25 के लिए अंडर-16 क्रिकट टीम की ट्रायल प्रतियोगिता शुरू हुई। डीसीए के बैनर तले आयोजित ट्रायल में शामिल सभी 36 खिलाड़ियों को उनकी मांग पर पांच-पांच ओवर गेंदबाजी व बल्लेबाजी का मौका दिया गया। डीसीए सचिव पीके मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर ट्रायल प्रतियोगिता के तहत चयनित खिलाड़ियों की घोषणा होगी।

पहले चरण का ट्रायल पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराया गया था, लेकिन ग्राउंड न मिलने की वजह से मंगलवार को दूसरे चरण की ट्रायल प्रतियोगिता निखत स्टेडियम में कराना तय हुआ। डीसीए की ओर से निर्धारित सुबह छह बजे से शुरू ट्रायल में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। तय समय पर आयोजकों ने तैयार रणनीति के मुताबिक बल्लेबाजों को पांच-पांच ओवर बैटिंग और गेंदबाजों को पांच-पांच ओवर गेंदबाजी करने का मौका दिए जाने की घोषणा की। डीसीए सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि दूसरे चरण के ट्रायल में 16 बल्लेबाजों, 10 तेज गेंदबाज, चार स्पिनर व चार विकेट कीपर शामिल थे। सभी बल्लेबाजों व गेंदबाजों को पांच-पांच ओवर खेलते हुए स्वयं की प्रतिभा दिखाने को कहा गया। इसी तरह विकेट कीपिंग का समय भी उपलब्धता के अधार पर विभाजित कर तय किया गया। मौसम की मार को देखते हुए सुबह जल्दी ट्रायल शुरू कराए जाने के बाद भी सूरज की तपिश में पसीना बहाते हुए सभी प्रतिस्पर्धी स्वयं को साबित करने को कड़ी मशक्कत करते रहे। डीसीए की ओर से तय किए गए चयनकर्ता नवीन सिन्हा, मंसूर खान, अभिषेक श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विकास सिन्हा व ओम मिश्रा लगातार प्रतिस्पर्धियों पर नजर बनाए रखकर बारीकी से उनकी प्रतिभा का आकलन करते रहे। वहीं डीसीए सचिव स्वयं भी पूरे समय मौजूद रहकर खिलाड़ियों की प्रतिभा परखते रहे।

# प्रदूषण बोर्ड का बाबू 50 हजार रिश्वत लेते धरा गया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पीड़ित की शिकायत पर पहले से मौजूद थी एंटीकरप्शन टीम

**अमृत विचार।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में लिपिक पद पर तैनात विजय कुमार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। लिपिक को एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन से 50 हजार रुपये रिश्वत लिए जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने मामले को स्वीकारा।

टेनरियों, स्लॉटर हाउस व चर्म इकाइयों के संचालन वाले इस जिले में बोर्ड के स्टाफ पर हमेशा भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। जानकारों के मुताबिक एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन बीते काफी समय से बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। कार्य को करने के लिये स्टाफ बिना रिश्वत के राज़ी नहीं हुआ। संबंधित लोग स्टाफ की मांग पूरी करने में असमर्थता जताते हुए रियायत मांग रहे थे लेकिन बाबू मानने को तैयार नहीं हुआ। इससे क्षुब्ध होकर संबंधित लोगों ने एंटीकरप्शन विभाग से संपर्क किया। इसी पर योजना के तहत एंटीकरप्शन टीम ने मौके पर पहुंचकर प्लान के मुताबिक पीड़ित को कार्यालय भेजा, जहां काम करने के एवज में संबंधित व्यक्ति ने क्लर्क को मांगी जा रही रकम सौंप दी। इसी बीच एंटीकरप्शन टीम ने क्लर्क को दबोच लिया। इतना ही नहीं मौके पर ही क्लर्क के कब्जे से रिश्वत में ली गई रकम भी बरामद कर ली। टीम पकड़े गए क्लर्क को अपने साथ ले गई। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि वह मौके पर मौजूद नहीं थे। जानकारी पाकर कार्यालय पहुंचने से पहले टीम क्लर्क को लेकर जा चुकी थी। उन्होंने मामले को स्वीकार करते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी।

# चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

**उन्नाव।** मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों को रोका। जहां पुलिस ने उनके पास से चोरी की स्कूटी बरामद करते हुये कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। सदर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कोतववाली क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट से स्कूटी चोरी हो गई थी।

स्कूटी चोरी का मामला पंजीकृत किया गया था। इधर मंगलवार को एसपी के निर्देश पर मंगलवार को दरोगा राजेश दीक्षित हमराहियों के साथ हरदोई मोड़ तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस ने कानपुर नगर के थाना छावनी काला माता मंदिर गोलाघाट निवासी विक्रम सिंह और ऋषि सोनी को रोका।

जहां स्कूटी के कागज मांगे। कागज न दिखा पाने पर उनसे कड़ाई से पूछताछ की। जहां दोनों ने स्कूटी चोरी की होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

# राहत: सीडीओ ने बीडीओ को तालाब भरवाने के दिये आदेश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पानी भरवाने के बाद फोटो भेजने के लिए भी कहा गया

**अमृत विचार।** गोवंश सहित पशुओं को पानी पिलाने में हो रही दिक्कत से त्राहि-त्राहि के बाद आखिरकार सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना ने मंगलवार को तालाब-पोखर भरवाने का आदेश जारी कर दिया है। सभी बीडीओ को जारी पत्र में दो दिन में तालाबों को भरवाकर फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

वैसे तो गर्मी की शुरुआत शुरुआती अप्रैल माह से ही हो गई थी, लेकिन मई माह में जारी शरीर का झुलसा देने वाली गर्मी सभी को बेहाल किए है। इंसान की प्यास तो एक-दो गिलास में बुझ जाती है, लेकिन दुधारू पशुओं खासकर भैंसों को पानी पिलाना पशु पालकों के लिए मुश्किलों का सबब साबित हो रहा था। यही नहीं तालाबों में घंटों न रह पाने से वह लगातार दूध भी कम करती जा रही थीं। इससे पशु पालकों जबर्दस्त गर्मी में भैंसों को लेकर दुरस्थ तालाबों तक जाना पड़ रहा था। हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी होने के बाद भी पशु पालकों को पूरा-पूरा दिन लू और धूप में बिताना पड़ रहा था। सीडीओ ने मंगलवार को जिले के सभी बीडीओ को तालाब भरावाने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में जारी पत्र में स्वीकार किया गया है विभिन्न स्त्रोत से लगातार तालाब सूखने की सूचना मिल रही है। इसलिए सभी बीडीओ अभियान चलाकर दो दिन सूखे पड़े क्षेत्रीय तालाब भरवाएं और साक्ष्य के तौर पर संबंधित स्थानों के फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। किसान व पशु पालक सोमनाथ आशीष, रविंद्र सिंह, महानंद अमित पाठक ने कहा कि बीडीओ से भरे हुए तालाबों की फोटो मांगकर सीडीओ ने सही किया है।

# हनुमंत लाल के दर्शन-पूजन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



शहर के बड़े हनुमान मंदिर में जुटी दर्शनार्थियों की भारी भीड़। अमृत विचार




पूजा-अर्चना करते नगर पंचायत अध्यक्ष सौरभ बाजपेई।

**अमृत विचार।** जेठ माह के पहले बड़े मंगल पर शहर सहित जिले के हनुमान मंदिरों में सुबह से रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही। भक्तगण हनुमंतलाल की जय सहित जय-जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए मंदिर पहुंचते रहे। उन्होंने मंदिरों में न सिर्फ प्रसाद चढ़ाया, बल्कि कोई हनुमान चालीसा तो कोई बजरंग बाण का पाठ करता रहा।

शहर के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। आमदिनों की अपेक्षा मंगला आरती में अधिक भक्तगण शामिल होने मंदिर पहुंचे। यहां दोपहर कुछ समय के अलावा सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। इसी तरह मोतीनगर, डीएसएन कालेज रोड व जवाहरनगर स्थित हनुमान मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। इसके अलावा विभिन्न मंदिरों में स्थापित श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना का सिलसिला लगातार जारी रहा। दोपहर बाद मोतीनगर स्थित भोलेनाथ मंदिर पियूष चौहान, बब्लू सिंह, दिनेश, चंदन व बब्ली आदि की मौजूदगी में सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसी तरह हनुमान मंदिर में शाम के समय ही भजन गायन किया गया। शहर के सीमावर्ती सोनिक स्थित हनुमान मंदिर में भी दर्शनार्थियों के पहुंचने का क्रम जारी रहा। भक्तगण बड़े ही श्रद्धाभाव से जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचकर बजरंगबली महाराज की पूजा-अर्चना करते रहे। माखी स्थित टीकादास और भिनकीपुर के हनुमान मंदिर में दूर-दराज से भक्तगण दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते रहे। यहां भी भक्तों ने शर्बत आदि बंटवाया।

### बच्चों ने किया संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ

**उन्नाव।** जेठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल स्थित पवन तनय मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ कर मंदिर को जयकारों से गुजायमान किए रखा। विद्यालय प्रबंधन ने भक्तों व बच्चों में प्रसाद वितरण कराया। राष्ट्रसंत मोरारी बापू की व्यास पीठ के स्थान पर वर्ष 2007 में पवन तनय हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मंदिर में पुजारी के रूप में विधवा शैल कुमारी नियुक्त हैं। ज्येष्ठ माह के हर बड़े मंगल पर मंदिर में विशेष पूजन होता है। इस बार पहले बड़े मंगल पर सुबह सुंदरकांड पाठ हुआ। बाद में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। बच्चों ने पवन तनय महाराज के सामने माथा टेका। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में डा. कुसुमलता द्विवेदी, प्रिंसिपल शिवानी सिंह, शिखा त्रिपाठी, सुनील अवस्थी, सोनाली सिंह, रश्मि सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, राजकुमार, रजत गुप्ता, आदित्य सिंह, ललिता प्रजापति, देवेंद्र यादव, मोहम्मद अफजल व क्षितिज कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

जेठ माह का प्रथम मंगल

## राहगीरों को बुला-बुलाकर प्रसाद बांटते रहे श्रद्धालु और आयोजक, लोगों ने दिन छका भंडारा

# भक्तों ने ग्रहण किया पूड़ी-सब्जी व शर्बत का प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



दरोगाबाग में राहगीरों को शर्बत पिलाते श्रद्धालु। अमृत विचार



भंडारा का प्रसाद बांटते मोहान नगर अध्यक्ष समरजीत यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जेठ माह के पहले मंगलवार को शहरी, कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में भंडारा व शर्बत वितरण की धूम रही। मंदिरों के आसपास जहां भंडारा आयोजित हुए। वहीं जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्टाल सजाकर राहगीरों को रोक-रोककर शर्बत आदि बांटने का सिलसिला जारी रखा।

सुबह नौ बजे से ही शहर में राजा शंकर सहांय इंटर कालेज पास, ओवरब्रिज के पास स्थित आटो मार्केट, आईबीपी चौराहा स्थित पुरानी मोटर मार्केट, आवास विकास कालोनी, सिविल लाइंस दरोगाबाग, कब्बाखेड़ा, मोहारीबाग, कल्याणी, मोतीनगर, गांधीनगर, जवाहरनगर, लोकनगर व रामपुरी सहित अन्य मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर शर्बत वितरण शुरू कर दिया। वहीं कई स्थानों पर दोपहर करीब 12 बजे से भंडारा भी आयोजित किए जाते रहे।

**हसनगंज संवाददाता के अनुसार** जेठ के पहले मंगलवार पर तहसील क्षेत्र में जगह-जगह भंडारा आयोजित हुए। किसी ने पूड़ी-सब्जी व कोई हलवा-पूड़ी या खीर बंटवाता रहा। बड़ी संख्या में हनुमान भक्तों ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत वितरित कराया।

मोहान कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष समरजीत यादव ने भंडारा आयोजित कराते हुए केसरीनंदन का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह समदपुर भावा गांव में प्रकाश पाल व लाला सिंह ने भी भंडारा आयोजित किया। सीएचसी में प्रभारी डा. प्रमोद कुमार के मार्ग दर्शन में आशा बहुओं ने बूंदी का प्रसाद बंटवाया।

### शर्बत पीकर लोगों ने ली राहत की सांस

सफीपुर संवाददाता के मुताबिक बड़े मंगल पर कस्बा सहित क्षेत्र के हनुमान भक्तों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर प्रसाद बांटा। कहीं पूड़ी-सब्जी का वितरण किया जाता रहा तो कई स्थानों पर बूंदी व शर्बत आदि बांटा जाता रहा। तहसील मुख्यालय गेट पर अधिवक्ताओं ने शरबत वितरण कराया। वहीं बस स्टैंड पर समाजसेवी अनुराग तिवारी व रामजी शुक्ला ने हनुमानजी के पूजन-अर्चन के बाद राहगीरों के बीच गन्ने का रस बंटवाना शुरू किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता सौरभ बाजपेयी राजा बेटा ने पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने तपती धूप में लोगों को राहत दिलाने के लिए जेठ माह में बड़े मंगल पर शर्बत व पानी सहित अन्य सामग्री बांटी।

# पुलिस अफसर से आई कार्ड मांगना टोल कर्मी को पड़ा महंगा

**नवाबगंज उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्थित टोल बैरियर पर सोमवार की रात एक पुलिस अधिकारी से उसकी आईडी मांगने की शिकायत पर पहुंची टोल कर्मी को कोतवाली लाई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 11 बजे पुलिस के अफसर लखनऊ से कानपुर जा रहे थे। निजी कार में पुलिस अफसर के होने की जानकारी देते हुए कार चालक ने उनका परिचय देते हुए उनकी आईडी दिखाई लेकिन मौजूद टोल कर्मी जिसका कार्ड है। उसको सामने लाने की बात कही। यह सुनकर अफसर गाड़ी से उतरे अजगैन कोतवाली को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंची और टोल कर्मी को कोतवाली उठा लाई। जानकारी पर टोल के अधिकारी पहुंचे और माफी मांगी।

## सार-संक्षेप

### युवक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक किशोर को कारखाना मालिक ने मारा पीटा था। मंगलवार को पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दुलियाखेडा मराजेपुर निवासी कन्हईया लाल पुत्र रमेश पर 16 अप्रैल को उसका बेटा शोरभ बाबा के साथ बुद्धीखेड़ा चक्की कारखाने पर सरसों पिराई के लिये गया था। तभी कारखाना मालिक शिवकान्त पुत्र बृजपाल ने उसके बेटे से बोरी में खरी भरने का दबाव बनाया था। जब उसके बेटे ने मना किया तो उसे मारा पीटा। जिसका मामला दर्ज था। उसी मामले में शिवाकान्त वांछित चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

### दो लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

**उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सफीपुर पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनके पास से लूट का माल बरामद करते हुये कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक श्यामनारायण सिंह हमराहियों के साथ गशत पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देवगांव निवासी प्रतीक कुशवाहा पुत्र अनूप कुशवाहा व कृष्ण कुमार उर्फ कन्हैया पुत्र लखपति गौड को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनके पास से एक बाइक, 315 बोर तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल व लूट के 2410 रुपये बरामद किये। प्रभारी ने बताया कि 8 मई को ब्रजपालपुर में हुई लूट की घटना में दोनों शामिल थे। जिसका मुकदमा भी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपियों पर कई आपराधिक मामले सफीपुर, माखी, आसीवन, सादर कोतववाली में गंभीर धाराओं में दर्ज हैं।

### छत से गिरकर घायल हुई किशोरी

**बांगरमऊ।** हरदोई जिला के मल्लावां थाना अंतर्गत ग्राम पुन्ना निवासी इतवारी लाल की 12 वर्षीय बेटी सोनम सोमवार की रात अपनी छत पर सो रही थी। आधी रात के लघुशंका के लिए उठने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर कर घायल हो गई। परिजन उसे घायल हालत में बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट करने वाले पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला उधरनपुर में घर में घुसकर मारपीट करने वाले पिता पुत्र पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला उधरनपुर निवासी विनय कुमार ने बताया कि गांव के अजय शुक्ला ने अपने दो पुत्रों विवेक शुक्ला और अजय शुक्ला के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में घर में घुसकर उसकी पुत्री अल्पना को लाठी डंडों से मारा पीटा शोर सुनकर उसकी पत्नी राधिका और पुत्र अभिषेक उसे बचाने गए तो विपक्षी ने उन दोनो को भी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया दो पक्षों में मारपीट हुई है पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### ऑटो पलटने से दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** 70 साल की बुज़ुर्ग ऑटो पर सवार हो कर जा रही थी,उसी बीच वह रास्ते में पलट गया,बुजुर्ग उसके नीचे दब कर ज़ख्मी हो गई, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां देर रात में उसकी मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली के सफीपुर निवासी हरिशचंद्र की 70 वर्षीय पत्नी सुखदेवी सोमवार को ऑटो पर सवार हो कर पड़ोस में सरदार जी के झाले पर जा रही थी। उसके पुत्र जगदीश ने बताया कि उसी बीच रास्ते मे अचानक ऑटो पलट गया, सुखदेवी उसके नीचे दब कर ज़ख्मी हो गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराते हुए हादसे की जांच शुरु कर ली है।

# जगह-जगह लगे भंडारे, मंदिरों में रही भीड़

## ज्येष्ठ का पहला बड़ा मंगल: शहर में थोड़ी-थोड़ी दूर पर हुआ पूड़ी-सब्जी व चावल का वितरण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ के पहले मंगल पर पूरा जिला हनुमान के जयकारे से गुंजायमान हो होता रहा। गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह भंडारे, शरबत वितरण आदि का आयोजन किया गया। घर व मंदिरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

ज्येष्ठ के पहले मंगल को जिले में पूरे धूमधाम से मनाया गया। इसकी तैयारी सोमवार से ही शुरू हो गई थी। सुबह से ही भक्तों का मंदिरों में आना शुरू हो गया। गांव से लेकर शहर तक हर जगह महाबली हनुमान की आराधना की गई। हर आधा किलोमीटर पर भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अलावा शरबत, बूंदी आदि का प्रसाद भी जगह-जगह वितरित किया गया। घरों से लेकर मंदिरों तक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा आदि का पाठ किया गया। भक्तों ने नगर के प्रमुख राम जानकी मंदिर में रामचरित मानस के पाठ का आयोजन किया। लालेश्वर धाम स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आचार्य रामानुजाचार्य द्वारा राम कथा का श्रवण कराया गया। पूरा जिला हनुमान जी के भक्ति में सराबोर दिखा। गांव से लेकर शहर तक बजरंगबली का जयघोष सुनाई पड़ता रहा। खेतुई स्थित बालाजी मंदिर पर सुबह से भक्तों की काफी लंबी लाइन लगी रही। भयंकर गर्मी का असर भी भक्तों पर नहीं दिखाई दिया। दोपहर में भी यहां भक्तों का तांता लगा। मंदिर के बाहर मेले जैसा नजारा दिखा। मंदिर के आसपास तमाम भक्तों द्वारा शरबत, बूंदी आदि का वितरण किया गया। कछौना कस्बे में रेलवेगंज स्टेशन से लेकर बस स्टाप व मंदिरों में कई जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें शर्बत, बूंदी, पूड़ी-सब्जी सहित कई प्रकार की मिठाई वितरित की गई। विकास खण्ड कछौना के अंतर्गत डबल नहर पुल पर लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे के किनारे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पाली संवाददाता के अनुसार जेठ के प्रथम मंगलवार पर श्री हनुमान जी के भक्त जनों ने जमकर हनुमान जी के जयकारे लगाए। राहगीरों को बुलाकर प्रसाद के तौर पर शर्बत ग्रहण कराया। वहीं सदर बाजार में अभय मिश्रा ने बड़े धूमधाम से राहगीरों के बीच पहुंचकर शर्बत का वितरण किया।

मल्लावां कस्बे में अलग -अलग जगहों पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की बनी रही, नगर पालिका गेट के पास अजय कश्यप ने प्रसाद में गन्ने का रस वितरण किया। एलआईसी एमडीआरटी अवधेश तिवारी ने अपने प्रीमियम प्वाइंट पर भी शर्बत वितरण का आयोजन किया।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार मुड़ियाखेड़ा में बालाजी दर्शन के लिए लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। दरअसल बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान कर लौट रहे लंगूर की मौत हो गई थी। जिसके बाद लोगों की श्रद्धा उमड़ी तो बालाजी मंदिर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। साथ ही हवन पूजन व विशाल भण्डारे का आयोजन कराया। वहीं दौलतयारपुर चौराहे हनुमान जी महाराज को भोग लगाकर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया है। बालाजी महाराज के जयकारों के बीच रुदामऊ रेलवे क्रॉसिंग पर छोला चावल, जक्खादेवी मंदिर के पास पूड़ी सब्जी, इंडियन बैक के सामने शर्बत, पुरानी गुड़मंडी, बालाजी मंदिर के निकट शर्बत, व पूड़ी सब्जी, जगरूप सेठ के कारखाने के पास शर्बत, सदर बाजार में पूड़ी सब्जी प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्र के गांव तेरवा कटरा बिल्हौर हाइवे कि किनारे बाला जी महाराज को भोग लगाकर शीतल शर्बत प्रसाद वितरण किया गया है।



बालाजी मंदिर में भोग लगाते महंत और दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार


पिहानी चुंगी पर श्रद्धालुओं को सब्जी परोसते आयोजक। अमृत विचार


डीएम चौराहे पर बूंदी वितरित करते लोग। अमृत विचार


शाहाबाद में कन्या भोज कराते श्रद्धालु। अमृत विचार

### शाहाबाद कस्बे में हुआ भंडारों का आयोजन

शाहाबाद कस्बे के अल्लाहपुर तिराहा, गुलाब बैंड चौराहा, बड़ी बाजार, चौक, महावीर मंदिर, बरुआ बाजार, बाला जी मंदिर सरदार गंज, बस स्टैंड, उधरनपुर, सहोरा सहित जगह जगह शरबत, हलवा और पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। बड़े मंगल पर मंदिरों में भी सुबह से भक्तों की भीड़ देखी गई। कई जगह मंदिरों पर सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ के आयोजन किए गए। कुछ मंदिरों पर सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। भक्तों ने सुंदर काण्ड पाठ के विश्राम पर हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया। बाला जी मंदिर पर आयोजकों द्वारा सब्जी चावल का भोग लगाकर राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। यहां मोनू गुप्ता, कृष्ण चैतन्य, सुरेश, सोम गुप्ता, रिचा गुप्ता, दिव्या गुप्ता आदि भक्तों ने राहगीरों को प्रसाद वितरण किया।

# 43 पार पहुंचा तापमान, गर्मी से राहत का तलाश रहे जतन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भयंकर गर्मी से लोग परेशान हैं। दिन भर सड़कों पर सन्नाटा रहता है। इन दिनों झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस तरह जिले के लिए सोमवार और मंगलवार इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। रात में भी न्यूनतम पारा 31.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में लू चलने की आशंका जताई है। विभाग के मुताबिक 2 जून तक राहत मिलने के आसार नहीं हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 46 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आजकल बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहर के वक्त सड़क पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी फील्ड जॉब करने वालों को हो रही है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में डॉक्टरों ने पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ ही घर से बाहर निकलने की हिदायत दी है। सोमवार से भीषण लू चल रही है और ये अगले तीन दिन जारी रह सकती है। गांव में नहर और ट्यूबवेल नहाने वालों की दिनभर भीड़ रहती है। गांव में ज्यादातर लोग पेड़ों की छाव में रहते है। बुखार और उल्टी दस्त के मरीज भी बढ़ने लगे है। एसी, कूलर, पंखों के बगैर घरों में रहा नहीं जा रहा है। गर्मी से जनमानस के अलावा पशु-पक्षी तक परेशान है।



सिर ढक कर निकलते राहगीर और भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए ट्यूबवेल में नहाते लोग। अमृत विचार



### गर्मी से बेहाल हैं पशु-पक्षी

तेज गर्मी व धूप से इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे हैं। ऐसा ही नजारा मंगलवार को उस समय देखने को मिला जब एक वानर अपनी प्यास बुझाने के लिए खुली पानी की टोटी के पास पहुंच गया। गांवों में भी तालाब-पोखर सूखने से पशु-पक्षी प्यास के मारे व्याकुल हो जाते हैं। सड़कों पर घूम रहे जानवरों की प्यास बुझाने के लिए नगर में कई लोगों ने घरों के बाहर पात्रों में भरवाकर रखा है, जिससे सड़कों पर घूम रहे जानवर अपनी प्यास बुझा सके। वहीं कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर वाटर कूलर भी लगा रहे हैं जो ऐसी गर्मी में लोगों की प्यास बुझा रहे हैं।

## रुपये छीनकर लोहे की रॉड से हमला कर किया घायल, दी तहरीर

**हरदोई, अमृत विचार।** रुपयों के लेनदेन को ले कर 65 सौ रुपये छीन कर लोहे की राड से हमला कर सिर फोड़ने की पुलिस को तहरीर दी गई है। कासिमपुर थाने के कोड़रा मजरा कचनार निवासी नज़ीर पुत्र नत्था ने सण्डीला कोतवाली के कुदौरी निवासी इम्तियाज़, उसके पुत्रों निसार, रियाज़ व मटरी के खिलाफ सण्डीला पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके और इम्तियाज़ के बीच चोकर के पैसों का लेनदेन चलता है, उसी का कुछ बकाया रह गया था। नज़ीर का कहना है कि उसी लेनदेन को ले कर आरोपियो ने उससे 6500 रुपये छीन लिए और लोहे की राड से हमला कर उसे और बचाने पहुंचे गोलूव अकील को ज़ख्मी कर दिया।

## सार-संक्षेप

### कथा में सीता की खोज प्रसंग का किया वर्णन

**हरदोई, अमृत विचार।** लालेश्वर धाम लालपालपुर में चल रही रामकथा में कथा व्यास रामानुजाचार्य ने हनुमान के लंका में प्रवेश की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि लंकिनी हनुमान के आते ही जान गई थी कि अब राक्षसों का विनाश है, क्योंकि उसको लंका की रखवाली का कार्य सौंपा गया था, उसी समय यह भी बता दिया गया था, जब कोई वानर आकर जोरदार प्रहार करे तो तभी से राक्षसों का अंत शुरू हो जाएगा। उसने हनुमानजी को लंका में प्रवेश की आज्ञा देते हुए कहा कि प्रविशि नगर कीजै सब काजा हृदय राखि कौशलपुर राजा। कथा में उन्होंने तमाम मार्मिक चित्रण किए। सीताजी को रावण द्वारा दी जाने वाली यातनाओं का भी बखान किया,जिससे श्रोता अश्रुपूरित हो गए। सुरसा वध करने के बाद रावण की लंका में हनुमान जी ने प्रवेश कर सीता का पता लगाया। लंका में विभीषण व हनुमान का संपर्क हुआ।

### कर्म से मिलता फल : आचार्य श्याम शुक्ला

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम हसनापुर में चल रहा श्री विष्णु महायज्ञ एवम श्रीमद भागवत कथा के अन्तर्गत पंचम दिवस में कथा व्यास आचार्य श्याम जी शुक्ला द्वारा कर्म के बारे में बताया गया। सनातन धर्म में कर्म को प्रधान माना गया है।कर्म के अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है जो इंसान जैसा कर्म करता है उसे वैसा ही फल मिलता है अच्छे कर्म करने वाले को सुखद एवं बुरे कर्म करने वाले को दु:खद परिणाम की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि जो व्यक्ति शास्त्र सम्मत, वेद सम्मत कर्मो का पालन करता है उसका जीवन नियंत्रित रहता है और वह अनुशासन से पूर्ण रहता है। इसलिए हमे सर्वदा अच्छे कर्म, श्रेष्ठ कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य के द्वारा किया गया कर्म ही उसका भाग्य बनता है। जीवन में सफल होने के लिए भाग्य का इंतजार नहीं करना चाहिए उसके लिए कर्म करना आवश्यक होता है।

### किशोरी से घर में घुसकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली की एक कालोनी में किशोरी के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की मां ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तारी कर ली है। शाहाबाद की एक कालोनी निवासी किशोरी की मां ने बताया कालोनी का ही एक युवक उसकी 16 वर्ष की पुत्री को बहला फुसलाकर कर प्रेमजाल में फंसाकर उससे बात करता था। 22 मई की रात में युवक ने उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। उस समय वह और उसका पति घर के बाहर पन्नी के नीचे सो रहे थे। 27 मई को युवक पुत्री के फोन पर बात कर रहा था। पुत्री से पूछने पर उसने परिजनों को पूरी घटना से अवगत करवाया। किशोरी की मां ने कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़िता की मां के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### भाभी ने देवर पर मकान लिखवाने का लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम नया गांव निवासी महिला ने अपने देवर पर पति से मकान और खेत लिखवा लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया गांव निवासी फूलदेवी पत्नी चमन प्रकाश ने बताया उसका पति शराब पीता है। शराब के लिए वह मकान, प्लाट और खेत बेचना चाह रहा है। मना करने पर उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने बताया मकान पर उसके आधार पर लोन लिया गया है। जिससे उसने मकान बनवाया है। जिसकी किस्तें वह भर रही है।उसका पति सब संपत्ति बेच रहा है। उसका देवर राजकुमार उसके पति को लेकर तहसील आया है और सब कुछ अपने नाम करवा रहा है। पीड़ित ने लिखित सूचना पुलिस को दी है।



अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते कवि। अमृत विचार

### विशाल कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार शाम को मुंडेर गांव में पत्रकार एकता संघ की ओर से एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुंडेर गांव के प्रधान पंकज शुक्ल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उसके बाद पत्रकार एकता संघ के पदाधिकारियों के द्वारा आगन्तुक कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कविता पाठ का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुई है उसके बाद एक के बाद एक कवि ने अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से समां बांधा। आगंतुक कवियों में कवि उदयराज सिंह, शोभित सिंग तोमर आदि कवियों की कविताओं को खूब सराहा गया। इस मौके पर सत्यदेव शुक्ल, अंकित बाजपेयी, मंजेश गुप्ता, आकाश सिंह, विष्णुकांत बाजपेयी गोपाल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# बस अड्डा चौराहे पर पेयजल की नहीं व्यवस्था

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से राहगीर एवं बस यात्रियों के कंठ सूख रहे हैं। नगर पालिका द्वारा चौराहे पर पानी का कोई भी प्रबंध नहीं किया गया है। बस अड्डे चौराहे पर रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं यात्रियों को इस प्रचंड गर्मी में पानी नहीं मिल रहा है। ठंडे पानी की व्यवस्था न होने के कारण यात्री प्यास बुझाने के लिए भटकते नजर आते हैं। यात्रियों और राहगीरों का कहना है यहां पर सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। बताया कि बस स्टैंड चौराहे पर न ही वाटर कूलर लगे हैं और न ही पानी की कोई व्यवस्था की गयी। ऐसी गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों को पानी पीना होता है तो पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझाते है। नगर पालिका प्रशासन एवं सांसद, विधायकों ने बस अड्डे पर आज तक शौचालय एवं पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

ज्ञात हो कि कई वर्ष पहले उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री को शौचालय जाना था, परंतु शौचालय न होने के कारण पेट्रोल पंप में शौचालय जाना पड़ा था, जबकि वह स्वयं नगर विकास मंत्री थे उसके बावजूद भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। बस अड्डा राज्य मुख्यालय से जुड़ा हुआ है एवं कई बड़े अधिकारी एवं नेता इसी रास्ते से गुजर कर लखनऊ आते जाते है। बस अड्डे पर ही पुरानी तहसील एवं रजिस्ट्री आफिस, ग्राम न्यायालय भी बना हुआ है। अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने बताया कि शौचालय बना हुआ है एवं बजट आने पर पेयजल की व्यवस्था जल्द से जल्द की जाएगी।

### गर्मी में भी नहीं सही हुए इंडिया मार्का हैंडपंप



**सुरसा, हरदोई।** ब्लॉक मुख्यालय की ग्राम पंचायत मोना में करोड़ों खर्च होने के बाद भी विकास से वंचित है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने का पानी नहीं मिल रहा है। दर्जनों इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। भीषण गर्मी में भी प्यास बुझाने के लिए ग्राम पंचायत में लगवाए गए सरकारी हैण्डपम्प इन दिनों शोपीस बने हुए हैं। बताते चलें कि मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों रुपए का बजट बनाकर धन हड़प लिया जाता है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रहेगा 15 जून तक अवकाश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया है कि ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है, जिन्हें प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आना होता है। वर्तमान में भीषण गर्मी एवं लू चल रही है। जिसके कारण ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वर्तमान में 20 मई से 15 जून तक प्राथमिक विद्यालयों में भी ग्रीष्म कालीन अवकाश चल रहा है।

ऐसी स्थिति में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रो पर 28 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में तीन से छह वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केन्द्र पर नही होगी, परन्तु समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने आंगनबाड़ी केन्द्र पर निर्धारित समयानुसार उपस्थिति रहते हुए, पोषण ट्रैकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी।

**अभद्र आचरण वाले स्वास्थ्यकर्मी पर दबाव के चलते हुई रस्मी कार्रवाई, सीएमओ ने दिया आचार संहिता का हवाला**

# गालीबाज फार्मासिस्ट का किया गया तबादला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीएमओ के साथ अभद्रता करने वाले पोस्टमार्टम हाउस के फार्मासिस्ट का तबादला कर दिया गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि पहले कई दिनों तक उसे अपना बचाव करने की पूरी छूट दी गई, फिर उसके बाद दबाव में आए सीएमओ ने रस्मी तौर पर कार्रवाई करते हुए सण्डीला सीएचसी के लिए तबादला कर दिया। विभाग के कई अधिकारियों व कर्मचारियों का कहना है कि सीएमओ के साथ गाली-गलौज तक करने वाले फार्मासिस्ट पर की गई यह कार्रवाई नाकाफी है। हालांकि सीएमओ ने आचार संहिता का हवाला देते हुए कहा कि कार्रवाई अभी अधूरी है, बस आचार संहिता के खत्म होने का इंतज़ार है।

बताते चलें कि 17 मई को सीएमओ डा. रोहिताश्व ने पोस्टमार्टम हाउस में तैनात फार्मासिस्ट पकंज सचान से डेड बॉडी को डी-फ्रीजर्स में रखवाने को कहा था। उसी बात पर फार्मासिस्ट ने सीएमओ न सिर्फ खरी-खोटी सुनाई बल्कि गाली-गलौज तक की। अमृत विचार' ने मामले को बराबर प्रकाशित किया। सीएमओ ने 18 मई को स्पष्टीकरण जारी करते हुए फार्मासिस्ट से तीन दिनों में जवाब मांगा। दी गई मोहलत निकल गई, लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं आया। सूत्रों के अनुसार फार्मासिस्ट की इस हरकत से हुई फज़ीहत से सीएमओ बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में थे लेकिन दबाव और सिफारिशों ने उनके हाथ बांध रखे थे। किरकिरी से बचने के लिए बीच का रास्ता निकाल कर फार्मासिस्ट पकंज सचान का तबादला सण्डीला सीएचसी के लिए कर दिया गया। लेकिन की गई कार्रवाई नाकाफी मानी जा रही है।


पोस्टमार्टम हाउस में सीएमओ से भिड़ा फार्मासिस्ट

अमृत विचार में प्रकाशित संबंधित खबर।

### खूब की गई दौड़भाग

सीएमओ के साथ गलत बर्ताव करने वाले फार्मासिस्ट ने अपने बचाव के लिए सरकार से ले कर दरबार तक खूब दौड़ लगाई। बताया तो यहां तक गया है कि उसने केन्द्रीय मंत्री से ले कर कई माननीयों के पास चक्कर लगाए। इतना ही नहीं उसने सीएमओ तक को साधने का बंदोबस्त कर रखा था।

### सण्डीला में रहे फार्मासिस्ट की हुई तैनाती

सीएमओ डा.रोहिताश्व ने पोस्टमार्टम हाउस में तैनात फार्मासिस्ट पकंज सचान का सण्डीला सीएचसी तबादला करते हुए उनके स्थान पर सण्डीला में तैनात फार्मासिस्ट अरविंद कनौजिया को हरदोई के पोस्टमार्टम हाउस में तैनात किया है।

सीएमओ ने दबाव होने की बात से इंकार करते हुए कहा कि आगे की कार्रवाई आचार संहिता के खत्म होने के बाद की जाएगी। पोस्टमार्टम हाउस में तैनात फार्मासिस्ट किसी भी हालत में हरदोई नहीं छोड़ना चाहता था। इसके लिए उसने हर दांव चला, चूंकि मामला सीधे सीएमओ से जुड़ा था, इस वजह से रस्मी तौर पर कार्रवाई की गई।

## लापता अधेड़ का शव जंगल में लटका मिला

**हरदोई, अमृत विचार।** 23 मई से लापता अधेड़ का शव बबूल के जंगल में फंदे से लटका मिला। शव कई दिन पुराना लग रहा था। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर बघौली थाने के अरमी में जंगल में पेड़ पर अधेड़ का शव गमछे से फंदे से लटका मिला था। इसका पता होते ही पुलिस के साथ फील्ड यूनिट की टीम वहां पहुंच कर छानबीन करने में जुट गई। जांच मेन शव की पहचान श्रीराम (52) निवासी सन्दना कोतवाली बेनीगंज के रूप में हुई। उसके घर वालों ने बताया कि श्रीराम 23 मई को बाहर कहीं निकल गया था। एसएचओ बघौली विवेक वर्मा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## एक नजर

### अधिवक्ता ने पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** तहसील के एक अधिवक्ता ने कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक पर उनके तख्त से जबरदस्ती अभद्रता करते हुए मुवक्किल को ले जाने का आरोप लगाते हुए बार एसोसिएशन को शिकायती पत्र दिया है। तहसील के अधिवक्ता संजेश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार को अपनी सीट पर अपने जूनियर शैलेंद्र राजपूत के साथ नया गांव निवासी चमन प्रकाश और राज कुमार के साथ बैनामा से संबंधित वार्ता कर रहे थे, तभी कोतवाली के एक उपनिरीक्षक आरक्षी के साथ आए और अभद्रता करते हुए उनके मुवक्किल को जबरदस्ती अपने साथ कोतवाली ले गए।

### जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी युवक की हालत

**हरदोई।** बिलग्राम क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे इलाज के लिए बिलग्राम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बहरिया गांव निवासी 26 वर्षीय अवनीश ने मंगलवार की देर शाम को घर पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी, तब स्वजनों को मामले की जानकारी हुई। तो वो उसे सीएचसी बिलग्राम ले गए। जहां पर चिकित्सकों द्वारा यूवक का उपचार किया जा रहा है।

### बाज़ार से लौट रहे युवक पर हमला कर की लूट

**हरदोई।** उधार दिए 50 हज़ार रुपये मांगना वाला युवक बाज़ार से लौट रहा था,उसी बीच रास्ते में उसके ऊपर हमला करते हुए उसके गले में पड़ी सोने की जंज़ीर और रुपये लूट लिए। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की, उसके बाद कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की गई। कोर्ट के आदेश पर 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी गई है। बेहटा गोकुल थाने के नगला खानपुर निवासी राजकिशोर ने कोर्ट में दाखिल की अर्ज़ी में कहा था कि लोनार थाने के ज्ञान पुरवा निवासी सुरेन्द्र पाल को दो साल पहले 6 महीने के वादे पर उधार के तौर पर 50 हज़ार रुपये दिए थे। मोहलत निकलने के बाद जब उसने रुपये मांगे तो उसने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। उसी बीच वह 2 अप्रैल को बाज़ार से घर लौट रहा था, वहीं रास्ते में मुगलापुर जूनियर हाईस्कूल के पास सुरेन्द्र पाल ने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया।

# पालिका प्रशासन की लापरवाही से नगर का एकमात्र पार्क बदहाल

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र का एकमात्र अंबेडकर पार्क पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते बदहाली का शिकार होता जा रहा है। हजारों रुपए खर्च कर लगाई गई घास सूखने लगी है। पानी के लिए लगाए गए स्टैंड पोस्ट टूटे पड़े हैं और पानी बर्बाद हो रहा है, लाख शिकायतों के बाद भी अधिशासी अधिकारी अंबेडकर पार्क की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष आसिफ खान बब्बू एवं उनकी पत्नी वर्तमान अध्यक्ष नसरीन बानो के प्रयास से आरपीएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान को अंबेडकर पार्क का रूप दिया गया था। लाखों रुपए खर्च करके इस पार्क में मानिंग वॉक के लिए चारों ओर पैदल ट्रैक बनाया गया। विभिन्न प्रकार के



शाहाबाद नगर में स्थित अंबेडकर पार्क का गेट। अमृत विचार

पौधे लगाकर रंग रोगन किया गया। अंबेडकर पार्क में एक विशालकाय अंबेडकर की मूर्ति लगाने के साथ-साथ एक मंच की स्थापना भी की गई। पालिका अध्यक्ष नसरीन बानों ने नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए यहां पर एक ओपन जिम की व्यवस्था भी की। लेकिन पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते वर्तमान समय में अंबेडकर पार्क बदहाली के दौर से गुजर रहा है। पानी न मिलने से पार्क में लगी घास सूखने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के दौरान एक स्टैंड पोस्ट टूट गया था जिससे लगातार पानी निकल रहा है और आगे के स्टैंड पोस्टों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। तकरीबन एक माह से स्टैंड पोस्ट टूटा पड़ा है। घास पूरी तरह से सूखने के कगार पर है। स्टैंड पोस्ट एक ओर क्यारी में टूटा हुआ पड़ा है जबकि इस स्टैंड पोस्ट




टूटा पड़ा स्टैंड पोस्ट और बह रहा पानी।

की मरम्मत में मात्र 200 से 300 का खर्चा है परंतु इस स्टैंड पोस्ट की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। चौकीदार संजीव कुमार और यहां के कर्ताधर्ता दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अधिशासी अधिकारी को टूटे हुए स्टैंड पोस्ट के बारे में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक स्टैंड पोस्ट की मरम्मत नहीं हो पाई। पानी पूरी तरह से बर्बाद होकर नालियों में बह रहा है।

### बेहतर रख-रखाव के अभाव में ओपन जिम के उपकरण टूटे

यहां आने वाले लोगों द्वारा बेतरतीब ढंग से इस्तेमाल किए जाने वाले ओपन जिम के कई उपकरण टूट चुके हैं। कमर व्यायाम, लेग व्यायाम, साइकिलिंग उपकरण सहित बच्चों के झूलों के कई उपकरण टूट चुके हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गया, लेकिन उपकरणों की मरम्मत नहीं हो सकी।

### फव्वारे के नोजिल ले गए चोर, फुहारों को तरस रहे लोग

पालिका प्रशासन द्वारा अंबेडकर पार्क में एक फब्बारा का निर्माण कराया गया था। इस फब्बारे के प्रारंभ होने से पहले ही चोरों ने इसके नोजल खोल दिए और सारा सामान निकाल ले गए। फव्वारे की फुहार लोग आज तक नहीं देख पाए क्योंकि फव्वारे नोजिलों के अभाव में पूरी तरह से बंद पड़ा है, बलिक प्रशासन इस फव्वारे के लिए नोजिल की व्यवस्था नहीं कर पाई।

### मॉर्निंग वॉक करने के लिए आते हैं ईओ

अक्सर मॉर्निंग वॉक करने के लिए अंबेडकर पार्क में अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश भी आते रहते हैं लेकिन मॉर्निंग वॉक करके वह यहां से निकल जाते हैं यहां की दिक्कत और समस्याओं की ओर उनका ध्यान कभी नहीं जाता। जबकि लोग यह उम्मीद करते हैं कि अधिशासी अधिकारी के अंबेडकर पार्क में आने से समस्याओं का हल हो जाएगा लेकिन वह समस्याओं को देखकर भी अनदेखा कर देते हैं।

### छह माह बाद हो पाई नल की मरम्मत

भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से यहां आने वाले शहर वासी जूझ रहे थे। इंडिया मार्का नल टूटा पड़ा था। रेफ्रिजरेटर गायब था। पानी की किल्लत की खबर जब मीडिया की सुर्खियां बनी तो अध्यक्ष नसरीन बानो द्वारा रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था कराकर नल की मरम्मत कर दी गई जिससे यहां आने वाले लोगों को अब पानी की किल्लत से नहीं जूझना पड़ रहा है।

> अम्बेडकर पार्क में टूटे हुए स्टैंड पोस्ट के बारे में जानकारी नहीं थी। इस स्टैंड पोस्ट की जल्द ही मरम्मत करा दी जाएगी। पार्क में लगी घास और फुलवारी के लिए पानी की किल्लत नहीं आएगी।
>
> -नातिक, प्रभारी, जलकल विभाग नगर पालिका

# रेल अधिकारियों के दावों से अलग है स्टेशन की हकीकत

## अनारक्षित टिकट की लाइन खोल रही पोल, अधिकारी सोशल मीडिया पर कर रहे बेहतर सुविधाओं के दावे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन को लेकर मंडल और नॉर्दर्न रेलवे के अधिकारियों के दावे हकीकत से अलग हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन को लेकर लगातार रेल अधिकारी को कोताही बरत रहे हैं। हरदोई स्टेशन पर आज तक यात्रियों द्वारा की गई मांगों को पूरा नहीं किया गया। हरदोई में यात्रियों द्वारा ट्रेनों के ठहराव की मांग को मंडल रेल कार्यालय रेलवे बोर्ड और नॉर्दर्न रेलवे ने स्वीकार किया है। अधिकारियों का हाल यह है कि अब तो जनप्रतिनिधियों की मांग को भी अधिकारी नजरअंदाज कर देते हैं। हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत ने रेल मंत्री से मुलाकात कर हरदोई में ट्रेनों के ठराव की मांग को लेकर पत्र सोपा था जो अब तक नहीं हुआ है।

हरदोई रेलवे स्टेशन से प्रतिवर्ष रेलवे को अच्छा राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर नॉर्दर्न रेलवे और डीआरएम ऑफिस मुरादाबाद उदासीन बना हुआ है। रेल अधिकारियों के दावे सोशल मीडिया पर देखने को भी मिल जाएंगे। लगातार रेल अधिकारी सोशल मीडिया पर यात्री सुविधाओं का डंका बजा रहे हैं, जबकि हरदोई रेलवे स्टेशन पर हालात दावों से उलट हैं। पीआरएस काउंटर पर अभी तक एसी नहीं लग पाया है। एसी न होने के चलते लगातार सिस्टम ठप हो जा रहा है। मंगलवार को पीआरएस पर पुराने सिस्टम से ही काम हो रहा था। ऐसे में यात्रियों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हरदोई में शाम होते ही अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की लंबी-लंबी लाइन देखने को मिल जा रही हैं यह लाइन काउंटर से शुरू होकर और सड़क तक पहुंच जाती है।कभी कबार तो वाहनों को निकालने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है।


अनारक्षित टिकट काउंटर पर लगी यात्रियों की कतार। अमृत विचार

### अधिकारियों की कार्यशैली से यात्री परेशान

हरदोई। 10 मई को नॉर्दर्न रेलवे की ओर से सोशल मीडिया पर हरदोई रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर को शुरू करने की बात लिखी थी, जिसको डीआरएम मुरादाबाद ने शेयर भी किया था, लेकिन हरदोई में हालात शाम होते ही बिगड़ने लगते हैं। शाम होते ही अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की लंबी-लंबी लाइन देखने को मिल जाती हैं जिससे साफ समझ जा सकता है कि रेल अधिकारियों के दावे कितने कारगर साबित हो रहे हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों के सारे दावे विफल साबित हैं। खबर में जो आप फोटो देख रहे हैं। यह फोटो सोमवार शाम की है। जैसे-जैसे समय बढ़ेगा यात्रियों की संख्या बढ़ जाएगी और देखते-देखते यह लाइन सड़क तक पहुंच जाएगी, लेकिन डीआरएम कार्यालय में बैठे अधिकारियों को यात्रियों की समस्या से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है ना ही पीआरएस काउंटर पर एसी लगा है और न ही हरदोई रेलवे स्टेशन पर कोई अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर की व्यवस्था की गई है। शाम को हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एक ही अनारक्षित टिकट काउंटर चालू मिलता है ऐसे में यह लाइन लगना स्वाभाविक है।



हरदोई स्टेशन के संबंध में डीआरएम द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट।

### युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की

**हरदोई।** पुलिस चौकी के बगल में रहकर सिलाई करने वाले युवक ने कमरे का दरवाज़ा बंद कर फांसी लगा ली। शोर सुनकर वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर युवक को फंदे से नीचे उतारा और मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

कन्नौज ज़िले के रायपुर थाना कायमगंज निवासी धर्मेन्द्र (32) पुत्र रामचरन कुछ महीनों से पत्नी नीलम, बेटे राज व बेटी सृष्टि के साथ रूपापुर पुलिस चौकी के बगल में किराए के कमरे में रहता है, वहीं वह सिलाई का काम करता है। मंगलवार को उसका साला विकास भी वहीं पर मौजूद था। उसी बीच धर्मेन्द्र ने कमरा बंद कर पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगाने लगा। उसे ऐसा करते देख रहे साले ने शोर मचाया। जिसे सुनकर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। पत्नी का कहना है बच्चों को डांटने पर उसने विरोध किया था उसी से नाराज़ होकर ऐसा कदम उठाया।

# उपभोक्ताओं ने एसडीओ को दिया ज्ञापन

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** तेज धूप और गर्मी में विद्युत सप्लाई में हो रही कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से नाराज मटियामऊ के ग्रामीणों ने एसडीओ और जेई को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर विद्युत सप्लाई में सुधार की मांग की।

मल्लावां क्षेत्र के ग्राम मटियामऊ, नत्था पुरवा, करियनपुरवा, भैसोहिला, हरिपुरा, तौकलाबाद समेत कई गांव में विद्युत समस्या को लेकर प्रधान प्रतिनिधि रियाज अहमद, आरिफ, नदीम, तौकीर, जैनूर, रहीस, रामचंद्र, रामबाबू, प्यारेलाल सहित तमाम लोगों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर मांग की है कि विद्युत लाइन मल्लावां से राघोपुर फीडर से इन गांवों को 6- 6 घंटा मात्र बिजली दी जा रही है। इसके साथ ही लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति न मिलने और लो वोल्टेज के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत लाइन छिबरामऊ पावर हाउस से जोड़े जाने की मांग की है। ताकि विद्युत सप्लाई व वोल्टेज सही मिल सके। इस संबंध में एसडीओ कुलदीप शिवहरे ने बताया राघौपुर फीडर की समस्या को लेकर बेरिया फीडर बनाया गया है। शेष कार्य चल रहा है, 15 से 20 दिन में चालू होने से समस्या का समाधान हो जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि राघौपुर 33/11 पावर हॉउस को फाइनेंशली पास कर दिया गया है जो बनने के बाद तपनौर तक की विद्युत समस्या समाप्त हो जाएगी।


एसडीओ को ज्ञापन सौंपते उपभोक्ता। अमृत विचार

### मंडी में पसरा रहा सन्नाटा

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए मंगलवार को भी किसान नहीं पहुंचे। वहीं निजी आढ़त वालों ने अपनी खरीद बंद रखी, जिससे मंडी में सन्नाटा छाया रहा। मंडी में खरीद बंद होने से आढ़तों पर काम कर रहे डंडीदार, पल्लेदार, मुनीम तथा दैनिक मजदूरी पर काम पर आने वाले हजारों कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई। लगातार चौथे दिन मंडी में खरीद बंद होने से इन सब कर्मचारियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बताते चलें कि सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं का दाम कम होने की वजह से किसान इन केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच रहा है। खरीद का लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रशासन ने आढ़तियों की खरीद बंद करा रखी है। इसके बावजूद किसान सरकारी केंद्रों पर अपनी फसल नहीं ले जा रहे हैं।


विवाद के चलते मंगलवार को नवीन मंडी स्थल पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# ब्लॉक के जिम्मेदारों पर भी आ सकती है जांच की आंच

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**अमृत विचार।** ज़िम्मेदारों के देखते-देखते आखिर शासनादेश को दरकिनार कर 40.22 लाख का सरकारी भुगतान कैसे हो गया। हर कोई इसी सवाल में उलझा हुआ है। जब सारा कुछ ऑनलाइन है तो फिर टड़ियावां ब्लाक में तैनात सचिव ने अकेले लाखों रुपये का भ्रष्टाचार कैसे कर लिया। इस मामले की जिन पहलुओं पर जांच होगी, उसमें सबसे अहम पहलू है कि इसमें ब्लॉक के ज़िम्मेदारों की क्या भूमिका रही।

बताते चलें कि टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत आशा, नानकगंज ग्रंट, बहर, रामनगर और चांद बेहटा में तैनात सचिव अपने भांजे की फर्म के अलावा उसके और अपने एक रिश्तेदार के बचत खाते में वित्तीय वर्ष-2022-23 और 2023-24 में मनरेगा, केन्द्रीय व पंचम वित्त आयोग के 40.22 लाख रुपये का भुगतान कराया। जबकि शासनादेश में साफ-साफ लिखा है कि किसी नाते-रिश्तेदार या उसकी फर्म के नाम सरकारी भुगतान नहीं हो सकता। ऐसे लोगों को टेण्डर प्रक्रिया तक से दूर रखा जाना चाहिए। आखिर फिर सब कुछ कैसे हो गया। शिकायत होने पर सारा चिट्ठा सामने आया तो हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं वहां के कुछ ज़िम्मेदार बड़े दावे के साथ कहने लगे कि किसी रिश्तेदार को भुगतान नहीं किया गया, लेकिन जब उनके दावे की पड़ताल हुई तो पता चला कि एक व्यक्ति सचिव का भांजा तो है ही साथ ही उसकी पत्नी की भतीजी भी उसे ब्याही है। इस नाते वह सचिव का दामाद भी हुआ। पहले तो इस मामले को दबाने की कोशिश हुई, लेकिन डीएम के एक्शन में आने और डीआरडीए के परियोजना निदेशक गजेन्द्र तिवारी व बेसिक के वित्त एवं लेखाधिकारी अनिल कुमार सिंह को जांच सौंपी गई। माना जा रहा है कि जांच की आंच कई ज़िम्मेदारों पर भी आ सकती है।

### आगे आए और फिर खिसक गए पीछे

40 .22 लाख के सरकारी भुगतान में अनियमितता का खुलासा होने पर ब्लॉक क्षेत्र में तैनात कई सचिव अपने साथी को बचाने को मीटिंग करने को जुटे। लेकिन जब जांच शुरु होने को हुई तो सबने साथ छोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार साथी को बचाने के लिए आगे आने वाले सचिव अब अपनी बचाने के लिए परेशान हो उठे हैं।

## सार-संक्षेप



कन्यादान में पौधा दान करते समित की महिलाएं। अमृत विचार

### कन्या दान योजना समिति ने की आर्थिक मदद

**हरदोई,अमृत विचार।** गरीब बेटियों के विवाह में मददगार बनी कन्या दान योजना समिति ने एक और बेटी के हाथ पीले कराने का जिम्मा उठाया है। कन्या की मां की समस्या को सुनकर समिति ने मदद की। निकाह में शामिल हुए तमाम अतिथियों ने भी समिति को दुआएं दी। कन्या की मां ने समिति की सदस्य रुचि गोयल से मदद की मांग की थी। जिसे रुचि गोयल ने कार्यालय प्रभारी दीक्षा श्रीवास्तव से साझा किया। महिला ने बताया कि वह लोगों के घरों में काम कर परिवार का पालन पोषण करती है। बेटी के निकाह के लिए उसके पास व्यवस्था नहीं हो पा रही है। सर्व धर्म कन्या विवाह फाउंडेशन के अध्यक्ष गोपेश दीक्षित ने कोर कमेटी गठित की। जिसका संचालन संस्था की सचिव श्वेता दीक्षित ने किया और फिर प्रदेश में सक्रिय लखनऊ शाखा तथा फतेहपुर टीम से इस निकाह में एक जुट होकर सहयोग करने की अपील की गई। जिसके बाद हरदोई और लखनऊ की टीम, फतेहपुर से सोना शिवहरे नागराज शिवहरे, केरल से ग्लेस एंटोनी, जबलपुर से राज कौर दी, झारखण्ड से शमीमा खातून, बरेली से अंकुर शंखधर, सीतापुर से शिल्पी त्रिपाठी आदि ने आर्थिक रूप से मदद कर निकाह को सम्पन्न कराया। इस मौके पर सर्व धर्म कन्या विवाह फाउंडेशन की पूरी टीम ने बिटिया को पौधा दान कर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए जागरूक किया।

### सेल्समैन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** दुकान-दुकान किराने का सामान पहुंचाने वाले सेल्समैन ने सोमवार की देर शाम अपने कमरें में पत्नी की साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। कोतवाली देहात के पेनीपुरवा निवासी सियाराम गुप्ता का 30 वर्षीय पुत्र देवेन्द्र गुप्ता उर्फ नीतू किराने का सेल्समैन था। उसके बड़े भाई जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि पांच दिन पहले ही नीतू की पत्नी रुचि गुप्ता अपने दोनों बेटों विराट और सम्राट को साथ ले कर बेनीगंज कोतवाली के पुरानी बाज़ार अपने मायके गई हुई थी। सोमवार की देर शाम को देवेन्द्र उर्फ नीतू घर पहुंचा और अपने कमरें में पत्नी की साड़ी के पल्लू से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।



सम्मानित किए गए मेधावी छात्र। अमृत विचार

### मेधावियों को सम्मान से नवाजा

**हरदोई, अमृत विचार।** हर्ष वर्धन सिंह प्रांत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद धर्म यात्रा महासंघ व संस्थापक स्वामी कल्याणानंद पीजी कॉलेज न्योरादेव ने जनपद के प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन आरआर इंटर कॉलेज में किया। महाविद्यालय प्रबंधतंत्र के यश वर्धन सिंह, शुभम वर्धन सिंह व अन्य द्वारा कीर्ति सिंह प्रबंधक आरआर इंटर कॉलेज, बाल विद्या भवन, संजीव खरे जिला कार्यवाह आरएसएस, कौशलेंद्र प्राचार्य सीएसएनपीजी कॉलेज, प्रधानाचार्य आरआर इंटर कॉलेज, आशीष सिंह सोमवंशी का स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनपद के लगभग 30 कॉलेजों के 400 छात्रों ने प्रतिभाग किया। सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र संकल्प बाजपेई (95 .4 प्रतिशत) को हर्ष वर्धन सिंह प्रमाणपत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह अन्य मेधावियों को भी सम्मानित किया गया।

# ट्रेन में कोच लगा नहीं, यात्री का तत्काल में कर दिया गया आरक्षण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेल भारत के लोगों की लाइफ लाइन है। प्रतिदिन भारतीय रेल से लाखों की संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। भीषण गर्मी में एक और जहां भारतीय रेल लगातार यात्री सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे सोशल मीडिया पर कर रही है, वहीं हरदोई रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेल के कई दावों की पोल खुलतीं हुई नजर आ रही है। हावड़ा से चलकर योग नगरी ऋषिकेश जाने वाली 13009 एक्सप्रेस में रेलवे ने कुछ ऐसा कारनामा कर दिखाया कि यात्री परेशान हो उठे।



जारी किया गया रेलवे का टिकट दिखाता यात्री। अमृत विचार

रेलवे स्टेशन पर सोमवार को रात लगभग 7:54 बजे हावड़ा से चलकर योग नगरी जाने वाली 13009 दून एक्सप्रेस के आने का समय है। इससे पहले हरदोई से हरिद्वार की यात्रा करने के लिए रेल यात्री जितेंद्र तिवारी अपनी पत्नी व एक बच्ची के साथ हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। जितेंद्र तिवारी ने 13009 दून एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास में तत्काल में अपना आरक्षण कराया था जिसके लिए उन्होंने अधिक भुगतान किया था लेकिन जब जितेंद्र स्टेशन पहुंचे तब उन्हें पता चला कि 13009 में जिस कोच में उनका आरक्षण हुआ है वह कोच ही ट्रेन में नहीं लगता है। दरअसल आरक्षण प्रणाली में तत्काल का टिकट रेल प्रशासन की ओर से एस-10 में बुक किया गया था जबकि वास्तविकता यह है कि दून एक्सप्रेस में एस-10 लगता ही नहीं है। जितेंद्र द्वारा सहयोग केंद्र पर जाकर भी इस बाबत जानकारी ली गई, लेकिन वहां से भी एस-10 कोच के विषय में कोई सही जानकारी नहीं मिल सकी। हालांकि पूछताछ केंद्र पर बैठी महिला रेल कर्मचारियों ने जितेंद्र को ट्रेन में बैठ जाने की सलाह देते हुए टीटीई से मिलने की बात कही। ट्रेन में कोच नहीं लगा होने को लेकर संचय बने रहने से रेल यात्री जितेंद्र खासा परेशान नजर आए। इस बाबत जब जानकारी की गई तो पता चला कि इस प्रकार के कई बार मामले और भी सामने आ चुके हैं।कई बार तो यात्रियों को अपनी ट्रेन तक छोड़नी पड़ गई है। दरअसल जो यात्री समय से पहले पहुंचते हैं और जब ट्रेन आती है तो उसमें जब एस-10 कोच लगा नहीं होता तो उनके मन में संख्या हो जाता है और जब तक ट्रेन आगे की ओर रवाना हो जाती है। ऐसे में अब तक कई यात्रियों की ट्रेन छूट चुकी हैं।

रेल प्रशासन द्वारा अब तक अपनी इस खामी को सही नहीं किया गया है जिसका खामियाजा अधिक रुपए देकर तत्काल टिकट बुक करने वाले व सामान्य आरक्षण कराने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। आपको बताते चले कि हरदोई में दून एक्सप्रेस समेत अधिकांश ट्रेनों का ठहराव 1 से 2 मिनट का ही है ऐसे में यात्रियों को कोच ढूंढने में काफी सुविधा होती है जबकि दून एक्सप्रेस में एस-10 लगा ही नहीं होता है।

# को नहीं जानत है जग में कपि संकट मोचन नाम तिहारो

## बड़े मंगल के मौके पर हनुमान मंदिरों सहित सैकड़ों भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**सीतापुर, अमृत विचार।** ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार के मौके पर शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों सहित अलग-अलग जगहों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच सुबह से भंडारों के आयोजकों ने पूड़ी सब्जी,.हलुवा, बूंदी सहित शर्बत के रूप में प्रसाद का वितरण किया। गर्मी के बीच कुछ भंडारे दोपहर के बाद शुरू हुए जहां लोगों की लम्बी लाइन दिखाई दी। शहर से लेकर देहात क्षेत्रों में हो चले भंडारे के दौरान लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रसाद लेने के दौरान कुछ लोग घरों पर ही पैक करवाकर लेकर जाते हुए नजर आये। जिले में दो सैकड़ा से अधिक स्थलों पर भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हनुमान मंदिरों पर बड़े मंगल को श्रद्धालुओं ने बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार के दिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक भंडारे में भक्तों की लंबी कतार नजर आई। बताते है कि बड़े मंगल की धार्मिक मान्यताएं लखनऊ के हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुईं हैं। मान्यता कुछ ऐसी है कि लोग मन्नत मांगते हैं, पूरी होने पर भंडारा खिलाते हैं। ये प्रचलन हर साल बढ़ता जा रहा है। भक्तगण बड़ी संख्या में ज्येष्ठ माह के मंगलवार और शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन करते है। भंडारे के दौरान आयोजक स्वयं ख्याल भी रखते है कि भंडारा के पत्तल और गिलास सड़क पर न बिखरे, इसलिए आयोजन स्थल पर डस्टबिन और टोकरियां रखी गईं थी। आम जनमानस के साथ ही साथ पुलिसकर्मियों ने पुलिस क्लब में भंडारे का आयोजन किया। इसके साथ शहर के बड़े हनुमान मंदिर,छोटे हनुमान मंदिर, चांदी वाले हनुमान मंदिर,संतोषी माता मंदिर,लालबाग चैराहा,चुंगी चैराहा,सब्जी मंडी सहित विभिन्न स्थलों पर भंडारे का आयोजन किया गया था।

**आस्था**

- शहर से लेकर गांवों तक भंडारे में पहुंचे लाखों लोग
- पूड़ी सब्जी और मीठी बूंदी की रही धूम

### जगह-जगह लगे भंडारे

**तंबौर, सीतापुर।** श्रद्धालुओं ने मंदिरों, चैराहों, घरों और रोड किनारे भंडारे लगाये। राहगीरों सहित स्थानीय लोगों के बीच जलेबी, निगुती, छोला पूड़ी, ठंडा मीठा शरबत प्रसाद के रूप में वितरण किया। भंडारे के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए भी आयोजकों ने चार पहिया वाहन, ई रिक्शा चालकों को सडको पर बगैर रुके प्रसाद देने के लिए उचित प्रबंध किये थे।


मुख्य बाजार में प्रसाद वितरित करते आयोजक व श्रद्धालुओं की लगी भारी भीड़। अमृत विचार


भक्तों को छोला चावल का प्रसाद देते आयोजक। अमृत विचार


भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### भंडारों की रही धूम, भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

**पहला।** तुलापुरवा देवकलिया में मनीष कुमार वर्मा, सौरभ वर्मा, आशीष वर्मा, दिलीप वर्मा, कुलदीप वर्मा तथा कमलेश वर्मा ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमे सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी लेने पर भंडारे के आयोजक मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि यह भंडारा सुबह 10 बजे से लेकर श्री बालाजी महाराज जी की इच्छा तक चलता रहेगा। इसी प्रकार ग्राम सिरसा खुर्द में अलग-अलग चार स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी लेने पर भंडारे के आयोजकों ने बताया कि यह भंडारा श्री बालाजी की कृपा से संपन्न हो रहा है और इस भंडारे में कुछ हमारे मित्र भी अपना सहयोग कर रहे है और यह भंडारा सुबह 10 बजे से लेकर श्री बालाजी की महाराज जी की जब तक इच्छा रहेगी तब तक चलता रहेगा। इस भंडारे के अवसर पर सिरसा खुर्द ग्राम सभा के निवासियों के साथ-साथ क्षेत्रीय गांवो के भी लोगों ने सैकड़ो की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया और श्री बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### हनुमान जी का चित्र स्थापित कर की विधिवत पूजा अर्चना

**रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा में थाना तिराहे पर अवधेश सिंह, संदीप कुमार आदि लोगों ने चने के प्रसाद का वितरण किया। रामपुर मथुरा कस्बे में थानगांव मोड पर रामनिवास शुक्ला ने पूरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया। वही संगत चैराहे पर प्रसाद का वितरण किया गया कालिकन मंदिर ,बाबा ब्रह्मचारी स्थान धौरहरा ,रायसेनपुर चैराहा,, भगौतीपुर,कस्बा बांसुरा आदि स्थानों पर हनुमान जी का चित्र स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद अर्पित किया गया। कस्बा रामपुर मथुरा के संगत चैराहा हनुमान मंदिर पर दिलीप गुप्ता की ओर से पूरी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। कस्बा बांसुरा में हाईवे पर रामू पालेसर के पास श्रद्धालुओं की ओर से सब्जी चावल, नीरज मेडिकल स्टोर के सामने शरबत तथा पुरानी बाजार के शिव मंदिर पर अजय नाग आदि के सहयोग से शर्बत के प्रसाद का वितरण किया गया। सभी स्थानों पर शाम तक प्रसाद बांटा गया।

### गैर प्रांतों से आये श्रद्धालु भंडारे में हुये शामिल

**नैमिषारण्य।** तीर्थ नैमिषारण्य के ठाकुर नगर तिराहे पर भी आदित्य इंटरप्राइजेज ने बालाजी के विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः आठ बजे वीरेश मिश्रा एवं शुभम बाजपेयी ने हनुमान जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। जिसके बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश के अलावा अन्य प्रांतों से आये भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नैमिषारण्य में भक्तों के द्वारा भंडारे में छोला एवं चावल वितरित किया गया। इस अवसर पर हरिशरणम पाण्डेय, ज्ञानमूर्ति पाण्डेय, मुकेश द्विवेदी, अखिलेश, कमलेश,दीपक त्रिवेदी, नीरज, कौशल, हिमांशु पाण्डेय, विजय सैनी, नीरज, राहुल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जेठ महीने में भक्तों को प्राप्त होती है असीम ऊर्जाः राजेश


छोटी लाइन स्टेशन पर स्थित हनुमान मंदिर पर प्रसाद वितरित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रभु हनुमान के मंदिर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और विशाल भंडारों में उन्होंने अपने हाथ से भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रभु हनुमान कलयुग में राम भक्तों के कल्याण व उनकी सुरक्षा के लिए अपना आशीर्वाद बनाए हुए हैं। जेठ के मंगलों में जहां हम प्रभु का पूजन अर्चन करते हैं। वही इस महीने में प्रभु के आशीर्वाद से भक्तों को असीम ऊर्जा प्राप्त होती है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला सनातनी धार्मिक व्यक्ति माने जाते हैं उन्होंने जेठ के प्रथम मंगल पर प्रभु हनुमान से समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर छोटी लाइन स्टेशन पर स्थित हनुमान मंदिर पर भाजपा नेता नीरज वर्मा झल्लर द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण व भंडारा कार्यक्रम में पहुंचकर उन्होंने भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने भक्तजनों व भंडारा आयोजको को साधुवाद दिया।

**एक नजर**

### बिजली कटौती पर किन्नर समाज ने काटा हंगामा

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** देर रात करीब 10 बजे किन्नर समाज ने बिजली कटौती को लेकर पावर हाउस में जमकर हंगामा काटा। किन्नर समाज की गुरु रेशमा ने बताया कि वार्ड बेलदारी टोला में उस समय बिजली की कटौती होती है, जिस समय पूरे नगर में विद्युत आपूर्ति हो रही होती है। उनका आरोप है कि वार्ड में अधिकांश गरीब तबके के लोग रहते हैं, शायद इसीलिए यह वार्ड बिजली की सुविधा से अपेक्षित है। एक तरफ जहां भीषण गर्मी में सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर तापमान को बढ़ाने का काम कर रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ विभाग बिजली कटौती में कोई कसर नहीं छोड़े है। मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मामला शांत कराते हुए बताया गया कि टेक्निकल फॉल्ट के चलते बिजली की कटौती की जा रही है। जल्द ही समस्या का निदान हो जाएगा।

### चोरों ने हजारों की नकदी व जेवर किये गायब

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके के अजयपुर के रहने वाले सीताराम पाल ने थाने में तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि 26 मई के रात में अज्ञात चोर घर के पीछे से बल्ली के सहारे चढ़कर घर में रखे फुले के बर्तन, जेवर, नगदी पंद्रह हजार व साड़ी, पेंट शर्ट सहित करीब ढाई लाख की सम्पत्ति चोरी कर ले गये। सूचना पर पहुंची तंबौर पुलिस ने जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना खैराबाद पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सोभित उर्फ भीम पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम वेरिया कोड़र थाना मछरेहटा को बघौना तिराहा के पास से दो मोटरसाइकिल यूपी 34 एजेड 1670 (स्प्लेण्डर), यूपी 34 एडी (सीडी डीलक्स), 01 अदद मोबाइल रेडमी, 01 तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने बरामद चोरी की मोटरसाइकिलों में संलिप्तता स्वीकार की है। बरामदगी के संबंध में थाना खैराबाद पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान किया गया।

### नकब लगाकर चोरों ने उड़ाये नकदी व जेवरात

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** अज्ञात चोरों ने एक घर में नकब लगाकर नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सुबह सोकर उठने पर चोरी होने की जानकारी हुई। इमलिया सुल्तानपुर निवासी गोविंद पुत्र सरजू प्रसाद बीती रात श्री पंचम पेट्रोल पंप के पास स्थित अपने घर में सो रहे थे। रात को सोते समय अज्ञात चोरों ने उनके घर के पीछे नकब लगाकर घर में प्रवेश कर गए और घर में रखी दस हजार की नगदी व जेवरात उठा ले गए। गोविंद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि जब वह सुबह सोकर उठे तो देखा कि घर में रखे बक्से खुले पड़े थे और उसमें रखी नगदी व जेवरात गायब थे। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो उनके घर के पीछे दीवार में सेंध लगी हुई थी। गृहस्वामी ने घर में हुई चोरी की घटना की शिकायत इमलिया पुलिस को लिखित रूप में दे दी है। वहीं मामले में इमलिया सुल्तानपुर थाना प्रभारी दयाशंकर ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम पहुंची थी, मामले की जांच कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# पूर्व सपा विधायक को कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

- वर्ष 2008 में सरकारी कार्य में बाधा, बलवा फैलाने का आरोप

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 16 साल पुराने मुकदमे में सजा सुनाई है। कोर्ट न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने सोमवार को दोषी करार देते हुए मंगलवार को सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने पूर्व विधायक को एकमत होकर बलवा करने, सरकारी कार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से तोड़फोड़ करने के आरोप में दो साल की सजा सुनाई है। 7 साल से सजा काम होने के चलते कोर्ट ने पूर्व विधायक को जमानत दे दी है। पूर्व विधायक सजा के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में अपील करेंगे।

बताते चलें कि बसपा शासन काल में नगर पालिका सीतापुर के तत्कालीन ईओ निहाल चंद्र टीम के साथ शहर के लालबाग मुख्य बाजार में 13 जुलाई वर्ष 2008 में अभियान के तहत अतिक्रमण हटवा रहे थे। आरोप था कि सदर सीट से सपा विधायक राधेश्याम जायसवाल अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने के विरोध में हंगामा करते हुए सरकारी मशीनरी जेसीबी पर पत्थर चलाकर तोड़फोड़ की। इस दौरान जेसीबी का ड्राइवर चोटिल भी हुआ था। विधायक के विरोध के बाद तत्कालीन ईओ निहाल चंद्र ने पूर्व विधायक सहित 17 लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करते हुए आरोपी बनाया था। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद सोमवार को पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को दोषी करार देते हुए अन्य 11 आरोपियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया था। मंगलवार को न्यायाधीश ने धारा 147 आईपीसी, 353, 337 के तहत दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जमानत के आधार पर विधायक को रिहा कर दिया।


सपा के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल (फाइल फोटो)। अमृत विचार

### बयान बदलने के आरोप में नपा के 4 कर्मियों को नोटिस

एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने सुनवाई के दौरान पुलिस को दिए गए बयानों से अपने बयान पलटने और आरोपियों को पहचानने में हेरफेर करने के मामले में दोषी पाते हुए 4 नगर पालिका कर्मियों को नोटिस जारी करते मुसीबत बढ़ा दी है। नोटिस मिलने वाले कर्मियों में तत्कालीन सम्पत्ति लिपिक राकेश मिश्रा, मौजूदा वाहन प्रभारी शिव कुमार त्रिपाठी, सुशील श्रीवास्तव और सुधीर शुक्ला के खिलाफ 344 सीआरपीसी के तहत पक्ष द्रोही का दोषी मानते हुए कार्रवाई की है। इन नपा कर्मियों पर अपने बयानों से कोर्ट में मुकरना और दोषी को पहचानने में हेरफेर करने का आरोप है। अधिवक्ता ने बताया कि इसके तहत कोर्ट इन कर्मियों के खिलाफ अलग सुनवाई करते हुए सजा भी सुना सकता है। इन आरोपों के तहत 3 माह की सजा की प्रावधान है।

### ट्रायल के दौरान 5 आरोपियों की मौत

अतिक्रमण के दौरान आरोपी बनाये गये पूर्व विधायक राधेश्याम सहित 17 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान 5 आरोपियों की सजा के ऐलान से पहले ही अलग अलग समय पर मौत हो चुकी थी। मरने वालो को विजय, सुरेश जैन, गुरुवेद, राजकुमार और विजय कुमार शामिल है। शेष बचे 12 आरोपियों में 11 आरोपियों को कोर्ट ने संदेह के आधार पर बरी कर दिया।

**सार-संक्षेप**

### किशोरियों एवं महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक


माहवारी स्वच्छता दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली। अमृत विचार

**लहरपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन कर किशोरियों एवं महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मंगलवार को माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर माहवारी को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने एवं जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टर प्रतियोगिता, सेल्फी एवं सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया और माहवारी से संबंधित विषय पर चर्चा कर इस मौके पर उपस्थित किशोरियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गौरव सक्सेना बीपीएम, मनोज वर्मा बीसीपीएम, सविता दीक्षित अर्श काउंसलर, बबली रावत पुष्पा सिंह, किशोरी आशा एनम आदि उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था ध्वस्त, जिम्मेदार लापरवाह

**हरगांव, सीतापुर, अमृतम विचार।** हरगांव नगर पंचायत के अंतर्गत हरगांव गंज, तीर्थ वार्ड, गुरूदेवनगर, मुरादनगर में अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं। हरगांव कस्बे के मुख्य चैराहे पर आने जाने वाले यात्रियों की भीड़भाड़ भी बनी रहती है, मगर इस भीषण गर्मी में नगर पंचायत के द्वारा जनमानस हेतु पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है। है। वहीं पर नगर पंचायत हरगाँव के जिम्मेदार अधिकारी सूचना मिलने के बावजूद भी ध्यान नही देते है। वार्ड मुरादनगर के सभासद शुएब खां ने बताया कि मुरादनगर के खलिहान के पास लगा इंडिया मार्का नल एक महीने से खराब पड़ा है। इस कड़क चिलचिलाती धूप में भीषण गर्मी की मार झेल रहे वार्ड वासी एक एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। जबकि मेरे द्वारा नगर पंचायत के अधिकारियों को सूचित भी किया जा चुका है, लेकिन नगर पंचायत हरगांव का कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी से बात करने की कोशिश की गयी तो उन्होने कॉल रिसीव नहीं किया।

### चार दिन से बिना बिजली के रह रहे सैकड़ों उपभोक्ता


बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते उपभोक्ता। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** बढ़ती गर्मी से बिजली आपूर्ति की डिमांड भी बढ़ी है, ऐसे में ट्रांसफार्मरों पर लोड भी बढ़ रहा है। जिस वजह से वह फुंक जा रहे हैं। बिसवां के ग्राम अकबरपुर में दो ट्रांसफार्मर जो 16-16 हॉर्स पावर के हैं, वह दोनों जल चुके हैं जबकि शासन का आदेश है जहां आबादी ज्यादा हो वहां पर बड़े ट्रांसफार्मर लगाए जाएं, लेकिन विभाग इसकी भी अनसुनी कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के जहांगीराबाद फीडर के अन्तर्गत अकबापुर गांव ऐसा हैं जहां ट्रांसफार्मर जले हुए चार दिन से अधिक का समय बीत गया है, लेकिन विभाग ने उसे बदलने की जहमत नहीं उठा रहा है। ग्रामीण इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं। वहीं ग्रामवासियों का कहना है कि पेयजल की समस्या भी गहरा गयी है। इससे बिजली विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करायी। एक हजार की आबादी वाले इस ग्राम में लगभग सौ कनेक्शन है लेकिन बिजली आपूर्ति न होने से भीषण गर्मी में जनता बेहाल है। एसडीओ विशाल शर्मा ने बताया कि जानकारी में है। जल्द ही वहां के ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे।

## न करें सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग

**लहरपुर, अमृत विचार।** लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट के तथावधान में मंगलवार को स्थानीय सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के द्वारा पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से बिसवां तिराहा गेट पर लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक करने के तहत वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार पांडे के नेतृत्व में वन कर्मियों ने स्थानीय लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रयोग न करने और उससे होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार पांडे ने सभी लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरुक करते हुए कपड़े के थैलों का वितरण किया।

## बारिश में जलभराव न हो, इसलिए हो रही नालों की सफाईः जावेद

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**तैयारी**

- नगरपालिका ने चलाया सफाई अभियान, साफ किये गये 24 नाले

**अमृत विचार।** नगर को स्वच्छ रखने एवं बारिश से पहले जल निकासी की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े 24 नालों की सफाई का अभियान चलाया गया। इस संबंध में पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने बताया कि आगामी बारिश को लेकर नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या न होने पाए इसलिए क्षेत्र के सभी नालों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सफाई के दौरान नालों से निकले मलबे को सड़क पर न लगाकर तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि संक्रामक रोगों को रोकने के लिए नगर में विशेष सफाई अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग रोस्टर के हिसाब से मोहल्ले-मोहल्ले की जा रही है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल ने बताया कि शासन के निर्देश पर आगामी 20 जून तक सभी क्षेत्र के नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी सफाईकर्मियों को विशेष सफाई अभियान चलाकर नगर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**इबादत** दरगाह हाफिजिया अस्लमिया में 179वां पांच दिवसीय सालाना उर्स शुरू

# मजार पर चादर चढ़ाकर की अमन शांति की दुआ

**सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद स्थित दरगाह हाफिजिया अस्लमिया में हजरत हाफिज मोहम्मद अली शाह अलैहिर्रहमा उर्फ बड़े हाफिज साहब के 179वें पांच दिवसीय सालाना उर्स के पहले दिन रात में दरगाह हजरत छोटे मखदूम साहब से संदल शरीफ व चादर सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां की सरपरस्ती में उठाई गईं। उसके बाद दरगाह में देर रात तक महफिले समा कव्वाली हुईं और तत्पश्चात मजार पर संदल अर्पित कर देश मे अमनो अमान सुख व शांति के लिए सज्जादानशीन ने दुआ की। इस अवसर पर दरगाह के मीर कव्वाल गुफरान, फरीद व अनस,शबीह अहमद आदि ने सूफियाना कलाम पेश किया।

उपस्थित सज्जादानशीन में हजरत शाह मजा कलन्दर लहरपुर के सैय्यद गयास मियां, हैदराबाद के सिद्दीक इरफान, खुर्शीद अहमद, सिलसिले हबीबी के गुलाम अहमद, इरफान अहमद, बुलंदशहर के इलियास अहमद, इसके अतिरिक्त बड़े हाफिज साहब के एक अन्य खलीफा (शिष्य) हजरत हाफिज मुन्ना शाह अलैहिर्रहमा के एजाज हसन खान, फफूंद शरीफ के सज्जादानशीन मौलाना सैय्यद अजहर मियां, दरगाह मतवल्ली सैय्यद नवेद असलम सलमी मियां, कारी इस्लाम अहमद आरफी, सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद फरहान मियां, इमरान सिद्दीकी, सैय्यद फरमान मियां, कारी फय्याज अहमद आदि उपस्थित रहे। सज्जादानशीन सैय्यद फुरकान मियां ने कहा कि हम लोगों को अपने बुजुर्गों की शिक्षा पर पूरी तरह से अमल करना चाहिए। पहले अच्छा इंसान बनना होगा क्योंकि इंसानियत ही से मनुष्य बड़ा बनता है।


मजार पर चादर चढ़ाते सज्जादानशीन। अमृत विचार

# बीच सड़क भिड़ गए दो सांड़, मची अफरा-तफरी


सड़क के बीचो-बीच लड़ाई करते आवारा सांड़। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मुख्य चैराहे रामकुंड चैराहा से पैंतेपुर रोड की ओर पर दो गोवंश आपस में भिड़ गए। ऐसे में वहां अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग डर कर भागने लगे। लगभग 10 मिनट तक दोनो सांड एकदूसरे से उलझे रहे। उसके बाद दोनों अलग हो गए। लोगों ने उन्हें छुड़ाने के लिए पानी का भी इस्तेमाल किया। इस दौरान ट्रैफिक बाधित रहा।

